CARA

CARA

केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
Central Adoption Resource Authority

वार्षिक रिपोर्ट 2017–2018
Annual Report 2017-2018

Central Adoption Resource Authority

Ministry of Women & Child Development

भारत सरकार
Government of India

www.cara.nic.in

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
2017–2018

CARA

केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

महिला एंव बाल विकास मंत्रालय

भारत सरकार

www.cara.nic.in

विषय सूची

माननीय केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, का संदेश i

माननीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, का संदेश iii

सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा अग्रेशित v

सदस्य सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (कारा) के द्वारा अभिस्वीकृति vii

अध्याय : 1 भूमिका 1

1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) 1

1.2 कारा की संचालन समिति 2

1.3 कारा की सलाहकार समिति 4

1.4 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) 5

1.5 जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) 5

1.6 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) 6

1.7 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए) 6

1.8 केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) एवं विदेशों में भारतीय मिशन 6

अध्याय : 2 गतिविधियां 7

2.1 बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) 7

2.2 प्रशिक्षण और विकास 9

2.3 मीडिया और प्रचार 18

2.4 निरीक्षण और निगरानी 22

2.5 महत्वपूर्ण परिपत्र और हिदायतें 22

2.6 अन्य पहलें, मुख्य उपलब्धियां और प्रशंसा 22

अध्याय : 3 वैधानिक अनुपालन 25

3.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत दी गई जानकारी 25

3.2 महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न संबंधित जानकारी 25

अध्याय : 4 डाटाबेस 26

4.1 दत्तक ग्रहण डाटा (समेकित) 26

4.2 राज्य–वार–दत्तक ग्रहण (देशीय और अंतर्देशीय) 26

4.3 देश–वार–दत्तक ग्रहण डाटा (भारतीय बच्चों के लिए अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) 27

अध्याय : 5 अनुलग्नक 28

5.1 परिशिष्ट–क : राज्य–वार राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (एसएआरए) 28

5.2 परिशिष्ट–ख : राज्य–वार जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) 35

5.3 परिशिष्ट–ग : राज्य–वार विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण 36

5.4 परिशिष्ट–घ : अधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए) 37

5.5 परिशिष्ट–ड : केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय/एमईए द्वारा दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए राज्य सरकारों, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण एकक, कोर्ट द्वारा विभिन्न हितधारकों के लिए जारी कुछ महत्वपूर्ण परिपत्र और परामर्श 44

अध्याय : 6 2017–2018 का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और वार्षिक आंकड़े 75

सत्यमेव जयते

मेनका संजय गांधी
Maneka Sanjay Gandhi

मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली–110001
MINISTER
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

संदेश

मुझे अपार हर्ष है कि मैं केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की वर्ष 2017–18 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही हूँ। कारा मेरे मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय है और इसे घरेलू दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने और सरल बनाने के साथ ही अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण विनियमित करने का अधिदेश है। हर एक बच्चा कामयाबी हासिल कर सकता है और उसे उसके लिए अवसर दिए जाने चाहिए। इस उद्देश्य के लिए हम सभी को बेहतरी के लिए विशेषकर विशेष देखभाल व संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

एक सांविधिक निकाय के रूप में, कारा देखभाल व संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों को दत्तक ग्रहण के जरिए डी–इंस्टीट्यूशनलाइजिंग करके उनके सर्वोतम हित में महत्वपूर्ण कार्य करता है। कारा सक्रियता से दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का समर्थन करके और इस संबंध में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उन मुद्दों का सामना कर रहा है। कारा ने **दी इंडस फाउंडेशन** द्वारा **बेस्ट टैक्नोलॉजी** और **सोसल इम्पेक्ट एक्सीलेंस** के लिए ग्लोबल स्किल समिट एंड एक्स्पो 2017 में दो पुरस्कार जीते है। कारा को 20 दिसंबर, 2017 को भारत में सर्वश्रेष्ठ 80 तकनीकी (प्रौद्योगिकी) परियोजनाओं में से केयरिंग्स के लिए **स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड** से भी पुरस्कृत किया गया है।

जैसे कि कोई भी सफर बिना कठिनाइयों के नहीं हो सकता, तो हमने भी इस वर्ष के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना किया है। प्रणाली के अंतर्गत आने वाले दत्तक बच्चों की संख्या और दत्तक के लिए इंतजार कर रहे माता–पिता की संख्या में बहुत बड़ा अंतर है। हमारे पास कई विशेष जरूरतों वाले और बड़े बच्चे हैं, जिन्हें प्यार और देखभाल करने वाले परिवारों के साथ रखे जाने की जरूरत है। इन समस्याओं का समाधान 'केयरिंग्स' पर विशेष जरूरत और तत्काल 'प्लेसमेंट मॉड्यूल' के जरिए किया जा रहा है और विज्ञापन संबंधी विभिन्न अभियान और परामर्श के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने/बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है।

भारत सरकार दत्तक ग्रहण में बच्चों का पूल बढ़ाने, प्रक्रिया को सरल बनाने और समय सीमा के मुताबिक चलने के लिए प्रयास के साथ दत्तक ग्रहण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं पुनः कहना चाहूँगी कि बच्चों के सर्वोत्तम हित और नैतिक प्रथाएं हमारी प्राथमिकता है और मुझे उम्मीद है कि सभी हितधारक इसका संकल्प लेंगे।

मेनका संजय गांधी

(श्रीमती मेनका संजय गांधी)

नई दिल्ली
04 दिसम्बर, 2018

Off.: Room No. 353, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel.: 23074052-54, Fax: 23387384
Resi. : 14 Ashoka Road, New Delhi-110001, Tel. : 23357088, Fax : 23354321

डॉ. वीरेन्द्र कुमार
Dr. VIRENDRA KUMAR

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास और
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली–110001
MINISTER OF STATE
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
AND MINORITY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

दिनांकः 05.12.2018

संदेश

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की वर्ष 2017–18 की वार्षिक रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है जिसमें कारा की मुख्य गतिविधियां और कदमों को विशेष रूप से दर्शाया गया है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का सांविधिक निकाय है। हेग कन्वेंशन के तहत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देना, अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण को सरल बनाना और अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करने का कार्य सौंपा गया है। कारा को किशोरन्याय (बाल देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 68 के तहत समय–समय पर दत्तक ग्रहण संबंधित मामलों पर विनियम बनाने का दायित्व सौंपा गया है।

दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन के बाद, कारा ने दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चों के पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए दत्तक ग्रहण कानून, नियम और विनियम में विभिन्न हितधारकों को प्रशिक्षण देकर अनेकों कदम उठाए हैं। इसके साथ ही राज्य सरकारों, न्यायालयों, बालकल्याण समिति आदि के सहयोग से प्रक्रिया को सरल बनाया है। हालांकि हमें अभी भी मीलों की दूरी तय करनी है, लेकिन आगे बढ़ता हर एक कदम हर एक बच्चे के लिए पारिवारिक जीवन सुनिश्चित करने की यात्रा में एक मील का पत्थर है।

मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कारा को **बेस्ट टैक्नोलॉजी** (सर्वश्रेष्ठ तकनीक) और सोशल इक्पैक्ट एक्सीलेंस (सामाजिक प्रभाव उत्कृष्टता) के लिए ग्लोबल स्किल समिट एंड एक्सपो 2017 में दी इंडस फांउडेशन द्वारा पुरस्कृत किया गया है। कारा को 20 दिसंबर, 2017 को भारत में सर्वश्रेष्ठ 80 तकनीकी (प्रौद्योगिकी) परियोजनाओं में से केयरिंग्स के लिए **स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड** भी जीता है।

मुझे पूरा विश्वास है कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में आने वाले वर्षों में भी दत्तक ग्रहण के जरिए बच्चों के पुनर्वास संबंधी अपने हितकारी/कल्याणकारी कार्य को जारी रखेगा।

(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)

कार्यालय : कमरा नं. 756, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड़, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23382361–63, फैक्स : 23070704
Off. : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63, Fax. : 011-23070704
निवास : 22, महादेव रोड, नई दिल्ली, दूरभाष : 011-23355600, 23359855, फैक्स : 011-23359857
Resi. : 22 Mahadev Road, New Delhi-110001, Tel. : 011- 23355600, 23359855, Fax. : 011- 23359857
E-mail : vkumar@sansad.nic.in

राकेश श्रीवास्तव
सचिव
Rakesh Srivastava
Secretary

भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110001
Government of India
Ministry of Women & Child Development
Shastri Bhawan, New Delhi-110001
Website : http://www.wcd.nic.in

दिनांक : 5.12.2018

संदेश

कारा की वर्ष 2017–18 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार खुशी हो रही है। कारा एक सांविधिक निकाय बन गया है जिसे माता–पिता की देखभाल से वंचित सभी बच्चों को शीघ्रता से माता–पिता तक पहुंचाने का कार्य सौंपा गया है। दत्तक ग्रहण के नोडल निकाय के रूप में, समय के साथ कारा की भूमिका और अधिकार, कई गुणा बढ़ गए है क्योंकि कारा मौजूदा केंद्रीकृत प्रणाली के जरिए सभी दत्तक ग्रहण (देशीय और अंतर–देशीय) की प्रत्यक्ष रूप से निगरानी और विनियमन कर रहा है और वह यह भी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि सभी दत्तक ग्रहण नैतिक और कानूनी रूप से निर्धारित समय–सीमा के भीतर ही किए जा रहे है।

कारा ने वर्ष भर में, अपने सांविधिक अधिदेश का निर्वहन करने के लिए निंरतर कार्य किया है और सभी दत्तक बच्चों के सर्वोतम हित को बढ़ाने के लिए पिछले वर्षों की गतिविधियों को आगे बढ़ाया है। वर्ष के दौरान, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने और व्यवस्थित करने के लिए राज्य सरकारों और अन्य निकायों के साथ कई निरीक्षण और पत्र–व्यवहार किए गए है। इसके अतिरिक्त, कारा ने राज्य सरकार, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक के सहयोग से सभी हित धारकों के क्षमता–निर्माण हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए है।

मुझे पूरा विश्वास है कि कारा, प्रतिक्रिया हस्तक्षेप से बिना प्रभावित हुए, सम्मिलित प्रयास करना जारी रखेगा और बच्चों का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करेगा और इसी प्रकार सक्रियता से सरकार की ओर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

(राकेश श्रीवास्तव)

Shastri Bhawan, Dr. Rajender Prasad Road, New Delhi-110001
Tel. : 011-23383586 Fax : 011-23381495 E-mail : secy.wcd@nic.in

सत्यमेव जयते

Deepak Kumar
Member Secretary
& Chief Executive Officer

CARA

CENTRAL ADOPTION RESOURCE AUTHORITY
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अभिस्वीकृति

कारा की वर्ष 2017–18 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अवसर पर मैं कारा की ओर से और सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपने सामर्थ्य अनुसार अपने सभी हितधारकों का धन्यवाद देता हूँ।

कारा मजबूत, पारदर्शी और अपने वादा को पूरा करने के लिए अभिप्रेरित है। हम समय सीमा के मुताबिक चलने का प्रयास कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे संस्थानों में कम समय के लिए रहे और कानूनी दस्तावेजों को प्राप्त करने में दत्तक माता–पिता को होने वाली परेशानी को कम किया जा सके। यह विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण, जिला बाल सरंक्षण एकक, बाल कल्याण समिति, प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वाले अभिकरण, आरपीओ, न्यायालय और माता–पिता के सहयोग से संभव हो पाया है जो बच्चों के सर्वोतम हित को प्राथमिकता देने के सिद्धांत को पूरा करने में हमारी सहायता कर रहे हैं।

एक सांविधिक निकाय बनने के बाद, हमारे कार्य कई गुना बढ़ गए हैं। हम श्रम शक्ति की अत्यंत कमी जैसी अनेक चुनौतियो का सामना कर रहे है। आज हमारे पास कई माता–पिता ऐसे हैं जो पंजीकृत हैं और दत्तक–ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त बच्चों की संख्या में से एक बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए इंतजार कर रहे हैं। जबकि, हम इस परेशानी के समाधान के लिए कई सीसीआई को राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे है। कुल 5365 पंजीकृत बाल देखभाल संस्थानों में से, 3778 संस्थान पहले ही हमसे जुड़ चुके हैं और शेष संस्थानों को भी कारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। हम न्यायालय में लंबित मामलों की मुख्य समस्या का भी सामना कर रहे हैं जिसके लिए भारत सरकार का सकारात्मक रूप है।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण मीडिया में बढ़ती अपनी पहचान और प्रशिक्षण के जरिए अनौपचारिक दत्तक ग्रहण की चुनौती का सामना करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। कारा ने अपना रोडमैप भी तैयार किया है ताकि किशोर न्याय अधिनियम और दत्तक ग्रहण विनियमों के उचित कार्यान्वयन द्वारा ऑनलाइन प्रणाली के सहायता से बिना किसी परेशानी के कानूनी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पूरी की जा सके। इसके अतिरिक्त, हमारा लक्ष्य सभी दत्तक योग्य (अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित) बच्चों का पता लगाकर प्रत्येक बच्चे के लिए एक प्यार–भरा परिवार का पता लगाना है। मैं कारा के सभी अधिकारियों और कर्मियों को भी धन्यवाद देना चाहूँगा जिनके प्रयासों से कारा को दो पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है। हमें उम्मीद है कि दत्तक ग्रहण प्रकिया को सरल बनाने और व्यवस्थित करने के लिए अपने सभी हितधारकों के सहयोग से हम इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे।

दीपक कुमार

सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

West Block-8, Wing-IV, Ist Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066. Phone : 011-2610 6725, Fax: 011-2618 0198, Mobile : 8588868739
E-mail: deepakkumar.668m@gov.in, captdkumar@gmail.com, Website: www.cara.nic.in

परिवर्णी शब्द

एआर	:	दत्तक ग्रहण विनियम
एएफएए	:	अधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण
सीए	:	केंद्रीय प्राधिकरण (बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग कन्वेंशन 1993 के अंतर्गत केंद्रीय प्राधिकरण)
सीएआरए	:	केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
केयरिंग्स	:	बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स)
सीसी	:	अनुपालन प्रमाण पत्र
सीसीआई	:	बाल देखभाल संस्थान
सीडब्ल्यूसी	:	बाल कल्याण समिति
डीसीपीयू	:	जिला बाल संरक्षण एकक
डीसीपीओ	:	जिला बाल संरक्षण अधिकारी
एचएसआर	:	गृह अध्ययन रिपोर्ट
आईसीपीएस	:	समेकित बाल संरक्षण स्कीम,
आईसीटी	:	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
आईडीएम	:	भारतीय राजनायिक मिशन
आईईसी	:	सूचना, शिक्षा और संप्रेषण
जे जे एक्ट	:	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015
जे जे नियम	:	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) मॉडल नियम, 2016
एमआईएस	:	प्रबंधन सूचना प्रणाली
एनओसी	:	अनापत्ति प्रमाण पत्र
एनआरआई	:	अनिवासी भारतीय
ओएएस	:	अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित
ओसीआई	:	भारत के विदेशी नागरिक
पीएपी	:	भावी दत्तक माता–पिता
एसएए	:	विशिष्ट दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण
एसएआरए	:	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण
एसएनसी	:	विशेष जरूरतों वाले बालक

अध्याय : 1

भूमिका

दिनांक 24 अक्टूबर 2017 को भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक में माननीय श्रीमती मेनका संजय गांधी, केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, के वरिष्ठ अधिकारी

1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा)

1.1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की स्थापना जून 1990 में कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण के विनियमन, पर्यवेक्षण और प्रोत्साहन के उद्देश्य हेतु की गई थी जिसका मुख्य कार्य देखभाल व संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के लिए प्यार–भरे परिवारों का पता लगाना है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के दिनांक 02 जुलाई, 1998 के निर्णय के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसाइटी के रूप में 'पंजीकृत कर 18 मार्च, 1999 को स्वायत्ता का दर्जा प्रदान किया है। किशोर न्याय अधिनियम, 2000 के तहत दत्तक ग्रहण से संस्थागत बच्चों के दत्तक ग्रहण प्लेसमेंट में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त अभिकरणों और प्राधिकरणों की भागीदारी से बच्चों का दत्तक ग्रहण में प्लेसमेंट संभव हो सका है।

1.1.2 15 जनवरी, 2016 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण), 2015 की धारा 68 के माध्यम से कारा ने देश में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु नोडल निकाय और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के विनियमन हेतु अधिदेश के साथ एक सांविधिक निकाय का स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली के माध्यम से सभी देशीय और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण का विनियमन और पर्यवेक्षण करता है। कारा की महत्वकांक्षा संस्थागत देखभाल के अधिकतम बच्चों को दत्तक परिवारों के साथ रखने की है। वर्ष 2008 में इसे बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बावत सहयोग पर हेग कन्वेंशन, 1993 के अंतर्गत केंन्द्रीय

प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का प्रमुख सदस्य सचिव एंव मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और इसकी संस्वीकृत क्षमता 27 अधिकारियों एंव कर्मचारियों की है।

1.1.3. केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतू अधिदेश दिया गया है–

(क) देश में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देना और राज्य अभिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करके अंतरराज्यिक दत्तक ग्रहण को सुकर बनाना;

(ख) अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करना;

(ग) समय–समय पर बालकों के संरक्षण और दत्तक ग्रहण और संबंधित मामलों पर ऐसे विनियमनों की संरचना करना, जो आवश्यक हो;

(घ) अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के बाबत सहयोग पर हेग कन्वेंशन के अधीन तहत केंद्रीय प्राधिकरण के कृत्यों में कार्या चिन्ह्न करना;

ड) दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियम 37 के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट कोई अन्य कार्य;

1.1.4 **कारा का उद्देश्य** – बच्चों के सर्वोत्तम हित, भावी दत्तक माता पिता को सुविज्ञ निर्णय लेने, सक्षम बनाने के लिए नागरिक केंद्रीय दृष्टिकोण से ऑनलाइन पंजीकरण, रेफरल (वरिष्ठता के आधार पर), बच्चा आरक्षित करना और मिलान व पारदर्शिता हेतू ऑफलाइन मिलान को सुनिश्चित करना। नई बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए उद्यमान प्रौद्योगिकी है और ई–शासन के माध्यम से दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में हो रहे विलंब को भी कम करती है।

1.1.5 **कारा का विज्ञान** – देश में प्रत्येक अनाथ, परित्यक्त, अभ्यर्पित बच्चे के लिए पालन–पोषण एवं देखभाल करने वाले परिवार की तलाश करना है। कारा का मिशन देश के प्रत्येक कोने में दत्तक ग्रहण सेवाओं का विस्तार करना, दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चो के शीघ्र पुनर्वास के प्रयास करना, दत्तक ग्रहण अभिकरणों के क्रियाकलापों में मानकीकरण सुनिश्चित करना, दत्तक ग्रहण में नैतिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना और दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता पिता को सुविधायें प्रदान करना है।

1.2 कारा की संचालन समिति

1.2.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति का गठन किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 69 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिनांक 22/3/2017 के कार्यालय ज्ञापन सं.– सीडब्ल्यू–II/26/7/2015– सीडब्ल्यू–II के द्वारा 15/01/2016 से दो वर्षों के कार्यकाल हेतु किया गया है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति की संरचना नीचे दी गई है–

(क) सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, अध्यक्ष–पदेन;

(ख) संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, प्राधिकरण से संबंधित है –पदेन;

(ग) वित्त से संबंधित संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार–पदेन;

(घ) राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण से एक सदस्य;

(ड) विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से दो सदस्य;

(च) एक दत्तक माता–पिता;

(छ) एक दत्तक;

(ज) एक वकील या प्रोफेसर जिसे परिवार कानून के बारे में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो;

(झ) सदस्य सचिव, जो संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी होगें।

1.2.2 अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और कार्यकाल निम्नानुसार है–

क्रम. सं.	नाम और पद का विवरण	पद
(क)	सुश्री लीना नायर सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 601, छठी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (01/06/2016 से 11/05/2017 तक की अवधि) श्री राकेश श्रीवास्तव सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 601, छठी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (11/05/2017 से आज तक की अवधि)	अध्यक्ष (पदेन)
(ख)	सुश्री रश्मि सक्सेना साहनी संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, तीसरी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (27/04/2015 से 08/05/2017 तक की अवधि) सुश्री आस्था सक्सेना खटवानी संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, तीसरी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (19/05/2017 से)	सदस्य (पदेन)
(ग)	सुश्री सरिता मित्तल संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार तीसरी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (01/02/2012 से 05/05/2017 तक की अवधि) सुश्री मीरा रंजन शेरिंग संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार तीसरी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 (17/05/2017 से)	सदस्य (पदेन)
(घ)	श्री लाहूराज माली आयुक्त, महिला एवं बाल विकास, महाराष्ट्र सरकार, महाराष्ट्र राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, दूसरी मंजिल, 28 प्रिंस गार्डन, कोरेगांव पाक्र रोड, पुराने सर्किट हाउस के पास, पुणे, महाराष्ट्र –411001 {राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा), महाराष्ट्र के प्रतिनिधि}	सदस्य
(ड)	सुश्री विजन्दिरा बोई निदेशक, महिला विकास एवं बाल कल्याण, तेलंगाना सरकार, डी.नं. 8–3–222, वेंगल रॉव नगर, अमीरपेट, स्टेट होम कैम्पस, यूसुफगुडा रोड, हैदराबाद, तेलंगाना–599938 (शिशु गृह, महिला एंव बाल विकास विभाग, तेलंगाना सरकार द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)	सदस्य

(च)	सुश्री गीताश्री अधिकारी करुणा डब्ल्यूबी महिला एवं बाल कल्याण सोसाइटी, 234, श्री राम डांग रोड, साईकिया, हावडा, पश्चिम बंगाल– 711106 (विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त के प्रतिनिधि)	सदस्य
(छ)	श्री अविनाश कुमार ओ–51, निवेदिता कुंज, सैक्टर–10, आर.के.पुरम, नई दिल्ली–110066 (दत्तक माता–पिता)	सदस्य
(ज)	सुश्री समीहा ग्रेवाल जे–231, प्रथम मंजिल, साकेत, नई दिल्ली–110017 (दत्तक)	सदस्य
(झ)	श्रीमती किरण सिंह 201–ए, डैल ब्लाक, 1/2 वैभव खंड, इंदिरा पुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (वकील)	सदस्य
(ञ)	श्री दीपक कुमार सदस्य सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, वेस्ट ब्लाक–8, विंग –2, आर.के.पुरम, नई दिल्ली–110066 (11/07/2016 से)	सदस्य सचिव (पदेन)

1.3 कारा के लिए सलाहकार समिति

1.3.1 दिनांक 23/02/2017 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने हेतू समिति के गठन की तिथि से 2 वर्ष की अवधि हेतु सलाहकार समिति का गठन किया है। कारा की सलाहकार समिति में वर्तमान में अध्यक्ष और सदस्य सचिव सहित 16 सदस्य हैं।

1.3.2 अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और उनके कार्यकाल का ब्यौरा इस प्रकार है–

क्रम.सं.	नाम	पदनाम	कार्यकाल
(क)	श्री एम.रामाचंद्र रेड्डी हैदराबाद, तेलंगाना	अध्यक्ष	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ख)	श्री दुर्गेश केशवानी भोपाल, मध्य प्रदेश	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ग)	श्रीमती सुबला नकवी लखनऊ, उत्तर प्रदेश	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(घ)	श्रीमती पदमा श्रीनिवास बैंगलुरु, कर्नाटक	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ड)	डॉ.नीलिमा मेहता मुम्बई, महाराष्ट्र	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(च)	प्रोफेसर जयदेव मजुमदार कोलकता, पश्चिम बंगाल	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(छ)	सुश्री एनी मंगस्तबम इंफाल, मणिपुर	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(झ)	श्री शिवानंद एम.डम्बल बैंगलुरु, कर्नाटक	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक

(ञ)	श्रीमती आर.के. प्रमोदिनी देवी इंफाल (पश्चिम) मणिपुर	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ट)	श्री मनोज सिंघल चितरंजन पार्क, नई दिल्ली	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ठ)	श्रीमती सुषमा खरकवाल लखनऊ, उत्तर प्रदेश	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ड)	सुश्री दीपा विजय भंडारी बेलगांव, कर्नाटक	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ढ)	श्री के. वासू बाबू गोदावरी (पू), आंध्र प्रदेश	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(ण)	श्री नितिन भार्गव लखनऊ, उत्तर प्रदेश	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(त)	श्रीमती सत्या शर्मा न्यू उस्मानपूर, दिल्ली	सदस्य	12/04/2016 से 11/04/2018 तक
(थ)	प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण	सचिव	12/04/2016 से 11/04/2018 तक

1.4 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)

1.4.1 समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) को राज्य में बालकों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने का अधिदेश प्राप्त है। इसमें सारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में समन्वय, निगरानी और उसका विकास करने, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए) की स्थापना में सहायता करने, ऐसे सभी अभिकरणों की एक व्यापक सूची का रख रखाव करने, यह सुनिश्चित करने कि बालकों के सभी दत्तक ग्रहण/स्थायी स्थानन विधि और दत्तक ग्रहण विनियम के अनुसार हों, जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) की सहायता से विशिष्ट दत्तक ग्रहण संसाधन योग्य बालकों का एक केंद्रीयकृत वेब आधारित डाटाबेस का रखरखाव करने, बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) के साथ लिंकेज को बढ़ावा देने से दत्तक ग्रहण अभिकरण के कार्य का पर्यवेक्षण करने की अपेक्षा की जाती है यह अभिकरणों और सीसीआई के बीच समन्वय भी सुनिश्चित करता है और दत्तक ग्रहण से पूर्व तथा दत्तक ग्रहण स्तर पर दोनों के दौरान दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में होने वाले विलंब का समाधान करने का प्रयास करता है। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों की सूची **परिशिष्ट–क** पर है। सारा से विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का नाम, पता और संपर्क का ब्यौरा और इसके साथ ही ऐसे अभिकरणों को मान्यता अथवा नवीकरण प्रदान किया जाए तो उसके पत्र और प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

1.5 जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू)

1.5.1 डीसीपीयू समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित जिला बाल संरक्षण अभिकरण हैं। वे जिले में अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों की पहचान करने और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी तौर पर स्वतंत्र घोषित करवाने के लिए उत्तरदायी हैं और उन्हें ऐसा करने के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए) या बाल देखरेख संस्था (सीआईसी) की सहायता की भी आवश्यकता होती है। एसएए द्वारा बाल अध्ययन रिपोर्ट ओर चिकित्सा जांच रिपोर्ट बालक दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) पर अपलोड कर दी जाए, और दत्तक ग्रहण को सुकर बनाने के लिए उसी अथवा अन्य जिलों में एसएए के साथ बाल देखभाल संस्थान के लिंकेज को सुकर बनाया जायें ओर प्रत्येक दत्तक ग्रहण बच्चे की स्थिति की भी जांच की जाए।

1.5.2 इसके अतिरिक्त, इनसे यह अपेक्षित है कि जहां कहीं आवश्यकता हो, वे सीडब्ल्यूसी की प्रत्यावर्तन के प्रयासों और समाचार–पत्रों में बालक के बारे में सूचना प्रकाशित करने, परिवीक्षा अधिकारी से बहाली के प्रयासों और समाचार–पत्र में बालक के बारे में सूचना प्रकाशित करने, परिवीक्षा अधिकारी से सामाजिक जांच रिपोर्ट और एसएए की सहायता से पुलिस से पता लगाने योग्य रिपोर्ट प्राप्त करने में सहायता सहित दत्तक ग्रहण हेतु परित्यक्त बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र घोषित कराने की प्रक्रिया पूरी करने में सहायता करेंगे। संबंधित सारा के माध्यम से केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से संवर्द्धित डीसीपीयू के राज्य वार आंकड़े **परिशिष्ट–ख** में दी गई है।

1.6 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए)

1.6.1 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 65(1) के अनुसार राज्य सरकार दत्तक ग्रहण और गैर–संस्थागत देखभाल के माध्यम से अनाथ, परित्यक्त अथवा अभ्यर्पित बच्चों के पुर्नावास के लिए प्राधिकरण द्वारा बनाए गए दत्तक ग्रहण विनियमों में यथा निर्दिष्ट रीति से, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों के रुप में प्रत्येक जिले में एक अथवा अधिक संस्थाओं या संगठनों को मान्यता देगी।

1.6.2 एसएए की देखरेख में रह रहे प्रत्येक बच्चे की देखरेख, संरक्षण एवं कल्याण के लिए उत्तरदायी होता है। एसएए दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चों के पुनर्वास में भावी दत्तक माता–पिता की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दत्तक ग्रहण किए जाने वाले प्रत्येक बालक के आनॅलाइन डाटाबेस का रख–रखाव करता है और बच्चों से संबंधित सभी दस्तावेज तैयार करता है। यह भावी दत्तक माता–पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट भी दत्तक ग्रहण मार्गदर्शी सिद्धांत 2015 में यथानिर्दिष्ट तरीके से तैयार करता है। वर्तमान में, दत्तक ग्रहण (देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण) में बालकों को रखने हेतु, उनके संबंधित राज्यों द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी और गैर–सरकारी, दोनों प्रकार के अभिकरण है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण के राज्य वार आंकड़े **परिशिष्ट–ग** में दिए गए है।

1.7 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)

1.7.1 कारा विदेशों में रह रहे भावी दत्तक माता–पिता (पीएपी) जिनमें अनिवासी भारतीय, प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई), एवं विदेशी शामिल हैं, के आवेदनों को प्रयोजित करने के लिए विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों को प्राधिकृत करता है। ये अभिकरण अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के मामलों की कार्रवाई करने हेतु प्राप्तकर्ता देशों में मान्यता प्राप्त प्राधिकृत अभिकरणों के रुप में जाने जाते है (हेग कन्वेंशन में यथा परिभाषित)। एएफएए से भारत से बच्चों का दत्तक ग्रहण करने के इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता को पंजीकृत करना और उनकी गृह अध्ययन रिपोर्ट को जल्दी से पूरा करना; केंद्रीय प्राधिकरण से दत्तक ग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र की प्राप्ति के बाद शीघ्र दत्तक ग्रहण सुनिश्चित करने हेतू एसएए के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना और दत्तक ग्रहण मार्गदर्शी सिद्धांत 2017 में उनके लिए यथा अधिदेशित अन्य कार्यकलाप करना अपेक्षित होता है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों के देश–वार आंकडे **परिशिष्ट–घ** पर संलग्न हैं।

1.8 केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) और विदेश में भारतीय राजनयिक मिशन–

1.8.1 हेग अनुसमर्थित कुछ देशों में, केंद्रीय प्राधिकरण, (कारा के समकक्ष) भारत से दत्तक–ग्रहण के इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता के मामलों को प्रायोजित एवं पंजीकृत करते हैं। कुछ गैर–हेग अनुसमर्थित देशों में, भारतीय राजनयिक मिशन अनिवासी भारतीय और प्रवासी भारतीय नागरिकों द्वारा भारत से दत्तक ग्रहण करने के मामलों को प्रयोजित करने में लगे हुए है।

अध्याय : 2

गतिविधियां

2.1 बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शक प्रणाली (केयरिंग्स)

2.1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा), महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय जो कि किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु ऑनलाइन केन्द्रीकृत संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) तकनीकी सहयोग के लिए ई–गर्वनेंस पहल विकसित की है।

2.1.2 यह वेब आधारित निगरानी प्रणाली एसएए/सीसीआई द्वारा बच्चों के ब्यौरों की प्रविष्टि करने के लिए एक पारदर्शी एंव पूर्ण रूप से स्वचालित प्रणाली के साथ–साथ भावी दत्तक माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण के लिए पंजीकरण उपलब्ध कराती है। यह शीघ्र और सुचारु दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सुकर बनाती है जिसके परिणामस्वरूप कार्यान्वयन अभिकरणों की जवाबदेही पक्षकारों का नेटवर्क तैयार करता है, और कारगर नीति निर्माण और अनुसंधान को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय आंकड़ा आधार पर रख–रखाव करता है। केयरिंग्स राष्ट्रीय स्तर पर कारा द्वारा और राज्य स्तर पर सारा द्वारा और जिला स्तर पर डीसीपीयू द्वारा दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया और दत्तक ग्रहण के बाद की प्रक्रिया पर ऑनलाइन निगरानी की सुविधा प्रदान करती है।

2.1.3 केयरिंग्स की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं–

क) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना।

ख) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में हो रहे विलंब को कम से कम करना।

ग) भावी दत्तक माता–पिता को सुविज्ञ निर्णय लेने हेतू सक्षम बनाना।

घ) नीतिगत निर्णय लेने में सहायता के लिए डाटाबेस से प्रज्ञ विश्लेषण प्राप्त करना।

ड.) केंद्रीय स्तर पर कारा और राज्य स्तर पर सारा दत्तक ग्रहण और दत्तक ग्रहण के पश्चात् की प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी प्रदान कर दत्तक ग्रहण प्रणाली में सुधार लाना।

च) अध्यवसायी नीति नियोजन के लिए एक डाटाबेस तैयार करना।

छ) अभिभावकों को माता–पिता की देखभाल के बिना रह रहे बच्चों का पूरा डेटाबेस रखने के लिए दत्तक ग्रहण अभिकरणों और बाल देखभाल संस्थानों के बीच संपर्क बनाना ताकि उन्हें जल्द से जल्द परिवार में स्थापित किया जा सके।

झ) बेहतर मिलान के लिए और दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता–पिता की सहायता करने के लिए उन्हें प्रासंगिक जानकारी और स्थिति की जांच उपलब्ध कराकर बच्चे और माता–पिता की प्रोफाइल बनाने में समर्थकृत करना।

2.1.4 केयरिंग्स के लाभ–

क) केयरिंग्स देश भर में लगभग 449 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों, 571 जिला बाल संरक्षण एककों और 32 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों को तथा अन्य करार देशों के केंद्रीय प्राधिकरणों, 255 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों/केंद्रीय प्राधिकरणों जैसे अंतराष्ट्रीय निकायों और विदेशों में भारतीय राजनयिक मिशनों को भी कारा से जुड़ने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

ख) बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का केन्द्र बन चुकी है और ई–गर्वनेंस साधन के रूप में उत्कृष्ठता हासिल कर चुकी है। इसे एक ऐसी प्रणाली या प्लेटफॉर्म के रूप में अभिहित किया गया है जिनके माध्यम से कानूनी दत्तक ग्रहणों पर कार्रवाई की जाएगी।

ग) भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय अधिनियम, 2015 दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 और किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार देश में और अंतरदेशीय बाल दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण और मूल्याकंन के लिए केयरिंग्स सहायक रही है।

घ) केयरिंग्स बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बावत सहयोग पर हेग कन्वेंशन, 1993 के अंतर्गत जिनका भारत एक अनुबंध देश है अंतराष्ट्रीय संलेख की भी पुष्टि करती है और राष्ट्रीय कानूनों की भी पुष्टि करती है।

ड) सभी स्तरों पर केयरिंग्स के प्रभाव को व्यापक रूप में स्वीकार किया गया है तथा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में एक नई प्रणाली के रूप में इसकी सरहाना की जा रही है।

च) ऑनलाइन शिकायत निवारण मॉड्यूल– वर्ष 2017 में कारा ने केयरिंग्स पर ऑनलाइन जानकारी/शिकायत मॉड्यूल की शुरूआत की जिसे कारा की वेबसाइट www.cara.nic.in के जरिए एक्सेस किया जा सकता है। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली एक शिकायत पंजीकरण और ट्रेकिंग प्रणाली है जो शिकायतों के पंजीकरण हेतु इंटरनेट, फोन और ई–मेल का उपयोग करती है।

छ) इस प्रकार केयरिंग्स के निम्नलिखित तरीकों से संगठन की सहायता की है–

(i) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी से विभिन्न स्तरों पर हो रहे विलंब को समझने और प्रणाली की खामियों को दूर करने में सहायता मिलती है।

(ii) डाटा विश्लेषण पर समयबद्धता तरीके से महत्वपूर्ण निर्णय लेने को संभव बनाता है।

(iii) केयरिंग्स पर दत्तक ग्रहण अभिकरणों का पंजीकरण किया जाता है।

(iv) भावी दत्तक माता–पिता का ऑनलाइन पंजीकरण होता है।

(v) विशिष्ट जरूरतमंद बच्चों का शीघ्र स्थापन किया जाता है।

(vi) दत्तक ग्रहण के बाद ऑनलाइन अनुवर्ती कार्रवाई सम्पादित की जाती है।

(vii) एसएए के साथ संपर्क के माध्यम से अन्य सीसीआई में स्थानन किए गए बच्चों का दत्तक ग्रहण कार्य संपन्न होता है।

(viii) देशीय दत्तक ग्रहण की प्राथमिकता सुनिश्चित करना।

2.1.5 विभिन्न प्रचालित मॉड्यूल

क) भावी दत्तक माता–पिता, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण हेतु देश में अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु मॉड्यूल ।

ख) राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक, और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिरकरण हेतु अनाथ, परित्यक्त एवं अभयर्पित बच्चों के अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण हेतु मॉड्यूल।

ग) भावी दत्तक माता–पिता, सारा, डीसीपीयू एवं कारा हेतु देश में नातेदारी दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

घ) सारा, डीसीपीयू, एसएए एवं कारा हेतु अंतरदेशीय नातेदारी दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

ड) भावी दत्तक माता–पिता, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण हेतु सौतेले माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

च) शिकायत पोर्टल

छ) अंतरदेशीय भावी दत्तक माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण की स्थिति का पता लगाने हेतु मॉड्यूल

2.1.6 समय की जरूरतों और आवश्यकता के आधार पर केंयरिंग्स में समय–समय पर उन्नयन किया गया है।

2.2 प्रशिक्षण और विकास

2.2.1 वर्ष 2017–18 के दौरान, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 और दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के प्रावधानों के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दत्तक ग्रहण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के दौरान उभर कर आए मुद्दों/सरोकारों को हल करने के संबंध में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, संचेतना कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रम आयोजित किये। उपरोक्त वर्णित चर्चा के विवरण निम्नानुसार सूचीबद्ध है : –

क्रम.सं.	कार्यक्रम का प्रकार	वर्ष 2017–18 के दौरान किए गये कार्यक्रम के संख्या
1.	राज्य/केंद्र शासित राज्य सरकारों के सहयोग से कारा द्वारा बहु–पक्षकारों के लिए दत्तक ग्रहण पर आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम	27
2.	न्यायिक अधिकारियों/न्यायधीशों संकाय के लिए राज्य न्यायिक अकादमियों और साथ–साथ राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में दत्तक ग्रहण पर अभिविन्यास–सह–संचेतना कार्यक्रम	14
3.	24 अक्तूबर, 2017 को भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित राज्य प्रशासन द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का कार्यान्वयन पर आयोजित समीक्षा बैठक।	01
4.	15 नवंबर, 2017 को भारतीय प्रवासी केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित दत्तक ग्रहण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	01

2.2.2 **राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम**– जिनमें बहु–हितधारक प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय अभिविन्यांस कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए), जिला बाल संरक्षण एककों, बाल कल्याण समितियों, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, दत्तक ग्रहण मामलों से संबंधित राज्य सरकार के विभाग, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले कार्यालय के प्रतिनिधियों, निपसिड के संकाय तथा दत्तक माता–पिता शामिल है। पिछले एक वर्ष के दौरान निम्नलिखित अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए :

क्रम. सं.	कार्यक्रम की तिथि	राज्य	शहर	प्रतिभागियों की संख्या
(क)	12 अप्रैल, 2017	असम	गुवाहाटी	187
(ख)	21 अप्रैल, 2017	नागालैंड	कोहिमा	135
(ग)	28 अप्रैल, 2017	मिजोरम, आइजोल	आइजोल	129
(घ)	11 मई, 2017	केरल	तिरूवनंतपुरम	120
(ड)	15 मई, 2017	झारखण्ड	रांची	111
(च)	23 जून, 2017	पुदुचेरी	पुदुचेरी	100
(छ)	20 जून, 2017	दादर नागर हवेली	सिलवासा	100
(ज)	21 जुलाई, 2017	दमन और द्वीप	नानी दमन	110

(झ)	01 अगस्त, 2017	हरियाणा	पंचकुला	160
(ञ)	11 अगस्त, 2017	पश्चिम बंगाल	कोलकता	120
(ट)	01 सितंबर, 2017	ओडिसा	भुवनेश्वर	100
(ठ)	16 सितंबर, 2017	मणिपुर	इंफाल	150
(ड)	16, 23 सितंबर 2017 और 7 एवं 14 अक्तूबर, 2017	जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में जिला स्तरीय 04 प्रशिक्षण कार्यक्रम	नई दिल्ली	200
(ढ)	23 जनवरी, 2018	महाराष्ट्र	पुणे (मुम्बई, नासिक और पुणे के संभागों के लिए)	95
(ण)	23 जनवरी, 2018	हिमाचल प्रदेश	धर्मशाला	51
(त)	24 जनवरी, 2018	महाराष्ट्र	पुणे (अमरावती, औरंगाबाद और नागपुर संभागों के लिए)	70
(थ)	23 फरवरी, 2018	केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की सलाहाकार समिति की महाराष्ट्र राज्य के हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक	पुणे	122
(ड)	17 मार्च, 2018	उत्तर प्रदेश	लखनऊ (अवध और बुंदेलखंड संभागों के जिलों के लिए)	40
(ध)	19 मार्च, 2018	उत्तर प्रदेश	लखनऊ (पूर्वांचल संभागों के जिलों के लिए)	90
(न)	21 मार्च, 2018	कर्नाटक	बैंगलोर (बैंगलोर और कलबुर्गी संभागों के लिए)	250
(प)	22 मार्च, 2018	कर्नाटक	बैंगलोर (मैसूर और बेलागावी विभाग के लिए)	250
(फ)	22 मार्च, 2018	सिक्किम	गंगटोक	131
(ब)	23 मार्च, 2018	केरल	एर्नाकुलम	110
(भ)	23 मार्च, 2018	बिहार	मुजफ्फरपुर	35

दिनांक 12 अप्रैल, 2017 को श्रीमती मेनका संजय गांधी, माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, मात्री मंदिर, गुवाहाटी, असम का दौरा किया

दिनांक 12 अप्रैल, 2017 को गुवाहाटी, असम में

दिनांक 21 अप्रैल, 2017 को कोहिमा, नागालैंड में

दिनांक 28 अप्रैल, 2017 को आईजोल, मिजोरम में

दिनांक 11 मई, 2017 को तिरूवंनतपुरम, केरल

दिनांक 15 मई, 2017 को रांची, झारखंड में

दिनांक 23 जून, 2017 को पुदुचेरी में

दिनांक 20 जुलाई, 2017 को सिलवासा, दादर नागर हवेली में

दिनांक 21 जुलाई, 2017 को दमन और द्वीप में

दिनांक 11 अगस्त, 2017 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में

दिनांक 16 सितंबर, 2017 को इंफाल, मणिपुर में

दिनांक 23 जनवरी, 2018 को धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में

दिनांक 23 और 24 जनवरी, 2018 को पुणे, महाराष्ट्र में

दिनांक 17 और 19 मार्च, 2018 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में

दिनांक 23 मार्च, 2018 को केरल में

2.2.3 **न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम** – राष्ट्रीय/राज्य स्तर न्यायिक अकादमियों में न्यायिक अकादमियों के संकायों और वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों (जिला न्यायालय के और परिवार न्यायालयों के प्रमुख न्यायाधीशों) के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। निम्नलिखित न्यायपालिका के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये –

क्रम. सं	कार्यक्रम की तिथि	कार्यक्रम का विवरण	प्रतिभागियों की संख्या
(क)	01 और 02 अप्रैल, 2017	**राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल** में भारत में न्याय बोर्डों के कामकाज पर वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी	47
(ख)	08 और 09 अप्रैल, 2017	**राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल** में न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	73
(ग)	15 अप्रैल, 2017	**दिल्ली न्यायिक अकादमी, नई दिल्ली** में न्यायिक अधिकारियों के लिए अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम	22
(घ)	16 अप्रैल, 2017	**बिहार न्यायिक अकादमी, पटना, बिहार** में न्यायधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	125
(ड)	29 और 30 अप्रैल, 2017	**ओडिशा न्यायिक अकादमी, कटक** में न्यायधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	219
(च)	19 और 20 मई, 2017	''**दिल्ली न्यायिक अकादमी** में अन्य हितधारकों हेतु क्षमता निर्माण सम्मेलन''	55
(छ)	15 जुलाई, 2017	**मध्य प्रदेश न्यायिक अकादमी, जबलपुर** में न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015, और दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	50
(ज)	28 जुलाई, 2017	**दिल्ली न्यायिक अकादमी, नई दिल्ली** में न्याय निर्वचन में ज्ञान, कौशल और अभिवृत्ति के एकीकरण पर सम्मलेन	13
(झ)	29 और 30 जुलाई, 2017	**महाराष्ट्र न्यायिक अकादमी, मुबंई** में न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015, और दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कायक्रम	33
(ञ)	31 जुलाई, 2017	**कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली** के न्यायिक अधिकारियों के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट में किशोर न्याय प्रणाली पर अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम	58
(ट)	12 अगस्त, 2017	**राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल** में दत्तक ग्रहण पर अतिरिक्त जिला न्यायधीशों के लिए कार्यशाला	35
(ठ)	06 सितंबर, 2017	द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली में न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	20
(ड)	13 सितंबर, 2017	पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली में न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	20
(ढ)	05 नवंबर 2017	**तमिलनाडु राज्य न्यायिक अकादमी, चेन्नई** में न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015, और दत्तक ग्रहण के विनियम 2017 के तहत बाल दत्तक ग्रहण पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	110

दिनांक 08 और 09 अप्रैल को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में

दिनांक 16 अप्रैल, 2017 को बिहार न्यायिक अकादमी, पटना में

दिनांक 15 जुलाई 2017 को मध्य प्रदेश न्यायिक अकादमी, जबलपुर में

दिनांक 29 और 30 जुलाई, 2017 को महाराष्ट्र न्यायिक अकादमी, मुबंई में

दिनांक 24 मार्च, 2018 को कटक में क्षेत्रीय परामर्श

दिनांक 05 नवंबर, 2017 को तमिलनाडु राज्य न्यायिक अकादमी, चेन्नई में

2.2.4 राज्यों एंव केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक–चुनौतियां एंव आगे की योजना–कारा ने दिनांक 24 अक्तूबर, 2017 को भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों एंव केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के संबंधित विभाग के प्रधान सचिव, जो राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) के अध्यक्ष हैं और संबंधित विभाग के निदेशक, जो सारा के सदस्य सचिव है, बैठक में आमंत्रित थे और उन्होंने बैठक में भाग लिया। बैठक के निम्नलिखित उद्देश्य थे–

क) राज्यों में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा। राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन किए जा रहे दत्तक ग्रहण कार्यक्रम से संबंधित मामले एवं सहकारों और विशेषकर राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों, जिला बाल संरक्षण एककों और बाल कल्याण समितियों की भूमिका पर चर्चा।

ख) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को आगे और सरल बनाने, विनियमित करने और उसमें तेजी लाने के लिए अच्छी प्रथाओं और आगे की योजना को साझा करना।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर दिनांक 24 अक्तूबर, 2017 को भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की झलक

2.2.5 **दत्तक ग्रहण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी–**

क) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने हौसला, 2017 (14 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2017 तक बाल सप्ताह समारोह) आयोजित किया जिसमें बच्चों के उत्तरजीविता, विकास, संरक्षण और भागीदारी से संबंधित मामलों पर बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं। इसके क्रम में, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने दिनांक 15 नवम्बर, 2017 को ''प्रवासी भारतीय केंद्र'' चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में 'दत्तक ग्रहण पर 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' आयोजित की। संगोष्ठी निम्निलिखित पर केंद्रित थी–

i) तंत्रों एवं कार्यनीति का विकास करना ताकि सारा और राज्य के अन्य पदाधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर शिकायतें का समाधान करने के लिए और सभी स्तरों पर सभी संबंधित लोगों को सहायता एंव समर्थन प्रदान करने के लिए सशक्त किया जा सके।

ii) दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में परामर्श की महत्वता एवं दत्तक ग्रहण हेतु बड़े बच्चों को तैयार करना और

iii) देखरेख व संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास और सामाजिक पुनः एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना

ख) संगोष्ठी में 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें एएफएए, डीसीपीयू, सारा के प्रतिनिधि, एसएए के प्रतिनिधि, वयस्क दत्तक, भावी दत्तक माता–पिता, दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, एमिटी विश्वविद्यालय, और निपसिड के सामाजिक कार्य विभाग के विद्यार्थी शामिल थे।

दिनांक 15 नवम्बर, 2017 को भारतीय प्रवासी केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में दत्तक ग्रहण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

2.2.6 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का तीसरा वार्षिक दिवस–

क) कारा ने 15 जनवरी, 2018 को अपने तीसरे वार्षिक दिवस को मनाने के लिए एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया क्योंकि कारा 15 जनवरी, 2016 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का सांविधिक निकाय बना था। कार्यक्रम के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियां निम्नलिखित हैं : –

i) कारा की संचालन समिति के पदेन सदस्यों को सम्मानित करना;

ii) कारा के वर्ष 2018 के कैलेण्डर का लोकार्पण; और

iii) कारा की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सुश्री साक्षी तंवर के साथ कारा के वीडियो स्पॉट्स का लोकार्पण।

ख) वार्षिक दिवस समारोह में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित विभाग के निदेशक जो राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण के सदस्य सचिव हैं, दिल्ली से विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों, जिला बाल संरक्षण एककों, बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि, कारा की सलाहकार समिति के सदस्य, कारा की संचालन समिति के सदस्य, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सभी सांविधिक स्वायत्त निकायों (एनसीपीसीआर, निपसिड, एनसीडब्ल्यू, सीएसडब्ल्यूबी, आरएमके) के अध्यक्ष, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिकारी एंव सलाहकार आदि शामिल हैं।

दिनांक 15 जनवरी, 2018 को एनसीयूई सभागार, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का तीसरा वार्षिक दिवस समारोह

2.3 मीडिया और प्रचार

2.3.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण स्वयं अथवा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 68 में यथा निर्दिष्ट अपने संबंधित निकायों द्वारा दत्तक ग्रहण एंव अन्य गैर–संस्थागत बाल देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्थन, जागरूकता और सूचना, शिक्षा एंव संप्रेषण गतिविधियों का संचालन करता है। वर्ष 2017–18 के दौरान मीडिया विज्ञापन एवं प्रचार गतिविधियों की विशेषताएं इस प्रकार है–

(क) जन–संपर्क–केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने वर्ष के दौरान प्रत्येक तीन माह में एक दिन '**जन–संपर्क**–किया ताकि शिकायत/शंका निवारण तंत्र का निर्माण किया जा सके जिसमें दत्तक ग्रहण से संबंधित मामलों पर लोगों की शंकाओं के निवारण एवं प्रश्नों के उत्तर देने के लिए लोगों एवं प्राधिकरण के बीच सीधे संवाद के लिए स्थान सृजित किया जाता है वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 03 जन–संपर्क सत्र आयोजित किए गए।

(ख) **सीईओ फेसबुक लाइव क्यू एंड ए सत्र**–फेसबुक पर हमारे कार्यक्रम के माध्यम से सीईओ, कारा श्री दीपक कुमार 'लाइव क्यू एंड ए' का एक प्रत्यक्ष शिकायत ऑनलाइन निवारण तंत्र तैयार किया गया था। बाल दत्तक ग्रहण से संबंधित सभी शंकाओं/प्रश्नों के उत्तर 'कारा से पूछे' पर दिए गए हैं।

(ग) ऑनलाइन शंका/ शिकायत मॉड्यूल – ऑनलाइन शंका/शिकायत मॉड्यूल चालू किया गया जिसे कारा की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी शिकायतों या शंकाओं का जवाब तीन कार्य दिवसों के भीतर दें दिया जाए तथा संदर्भ संख्या एवं दिए गए मोबाइल नं/ईमेल का उपयोग करके स्थिति की जांच की जा सकती है या बाद में अतिरिक्त जानकारी मांगी जा सकती है।

(घ) **प्रिंट विज्ञापन करना**–कारा अपने कार्यक्रमों के समर्थन के लिए प्रिंट विज्ञापनों के महत्व और निम्न के लिए बच्चों की रिपोर्ट करने और भावी दत्तक माता–पिता को परामर्श सुविधाओं के प्रावधान के बारे मे इसकी पहुंच को समझता है। इस वर्ष के दौरान दो बार प्रिंट विज्ञापन जारी किए गए।

(ड) **होर्डिंग के माध्यम से समर्थन**–दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होर्डिंग लगाकर परामर्श अभियान की भी शुरूआत की गई।

(च) **एसएमएस के माध्यम से समर्थन**–कानूनी दत्तक ग्रहण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एसएमएस अभियान भी शुरू किया गया जिसमें 22 राज्यों को शामिल किया गया।

i) लवारिस बच्चा जो पाओ, पुलिस के पास जाओ या चाइल्डलाइन नं 1098 मिलाओ।

कारा– केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी।

ii) छोटी उम्र की हो गलती तो जरा भी न घबराना, पालना को चुन कर बच्चे का जीवन बचाना।

कारा–केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी।

iii) विशिष्ट जरूरतमंद या बडे बच्चों का दत्तक ग्रहण करना मुश्किल है परंतु प्यार करना नहीं।

कारा– कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण करें, जानकारी के लिए www.cara.nic.in वेबसाइट देखें या टोल फ्री नं 1800 111 311पर संपर्क करें।

iv) बच्चा चाहो जो तुम लेना, कारा को तुम जानो, पंजीकरण करवाना अपना, सही विधि को मानो। www.cara.nic.in वेबसाइट को देखें या टोल फ्री नं 1800 111 311 पर संपर्क करें।

कानूनी तरीके से बच्चा अपनाये। किसी भी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.cara.nic.in देखें या टोल फ्री नं 1800 111 311 से संपर्क करें।

(छ) न्यूजलेटर–दत्तक ग्रहण संबंधी नीतियों और कारा द्वारा की गई गतिविधियो को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करते हुए न्यूजलेटर 'किलकारियां' कारा की अधिकारिक वेबसाइट www.cara.nic.in पर प्रकाशित किया गया।

(झ) एडवोकेसी के लिए वीडियो स्पॉट और ब्रांड एम्बेसडर का उपयोग करना–कारा ने परिवार से अलग बच्चों के पुनर्वास के सामाजिक सरोकार को सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास से फिल्म एंव टेलीविजन की मशहूर हस्ती सुश्री साक्षी तंवर को कारा की ब्रांड एंम्बेसडर के रूप में शामिल किया है ताकि उनके माध्यम से आम जनता तक पहुंचा जा सके। बच्चों की रिपोर्ट करने, विशिष्ट जरूरतमंद बच्चों के दत्तक ग्रहण और कानूनी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के बारे में तीन वीडियो स्पॉट बनाये गए और देश भर के सिनेमा घरों एव टेलीविजन चैनलों पर व्यापक रूप से प्रसारित किए गया। इन वीडियों स्पॉटों को 15 जनवरी, 2018 को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर कारा की ब्रांड एम्बेसडर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के माननीय अतिथिगणों एंव अन्य हितधारकों की उपस्थिति में जारी किया गया।

(ञ) टेबल और वॉल केलेंडर का प्रदर्शन–वर्ष 2018 के कैलेण्डर को लोगों में संचेतना पैदा करने के लिए दत्तक ग्रहण संबंधी चित्रों एवं उद्देश्यों के साथ कारा में ही डिजाइन किया गया। इन्हें कारा के वार्षिक दिवस पर जारी किया गया था।

दिनांक 15 जनवरी, 2018 को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के तीसरे वार्षिक दिवस समारोह के दौरान वर्ष 2018 के वार्षिक कैलेंडर का अनावरण करते हुए महिला एंव बाल विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुश्री सांक्षी तंवर, ब्रांड एम्बेस्डर

(त) किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 36(4) के तहत अधिदेशित किशोर न्याय मॉडल नियम 2016 के फॉर्म 16 के अनुसार प्रत्येक तिमाही जिला मजिस्ट्रट/जिला कलक्टर/उप आयुक्त को अनाथ/परित्यक्त/आत्मसमर्पित बच्चों (दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त) के मामले के निपटान और मामले में विलंब की प्रत्येक तिमाही में रिपोर्ट करना।

(थ) इसके (सीडब्ल्यूसी) द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित बच्चों का विवरण/आंकडों और इसके द्वारा निर्णय लेने के लिए लंबित मामलों पर भी पर रिपोर्ट और दत्तक ग्रहण विनियमन 2017 की अनुसूची (ट) के अनुसार बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) पर ऑनलाइन माध्यम से सारा और कारा को प्रत्येक माह रिपोर्ट करना। बाल कल्याण समिति के सचिव (किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 27(3) के अनुसार डीसीपीयू द्वारा उपलब्ध करवाये जाएगा केयरिंग्स पर सही एवं समयपूर्वक रिपोर्ट को अपलोड कर सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

(द) किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 30 (अपपप) के अनुसार प्रत्येक माह कम से कम दो एसएए का निरीक्षण करना और उनकी आवासीय सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवता देखने के लिए तथा आवश्यकतानुसार उपचारी उपाय के लिए डीसीपीयू और सारा को निरीक्षण रिपोर्ट भेजना।

3. प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के सीडब्ल्यूसी से अपेक्षित है कि वे समुचित सावधानी एवं निष्ठा से बच्चों के सर्वोतम हित में उपर्युक्त जिम्मेदारियों को निभाएंगे जो उनके अस्तित्व/अधिदेश का उद्देश्य है।

ह.

(राजेश कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति :

1- सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले की बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी)

2- सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलेक्टर/उप आयुक्त (यथा स्थिति)

3- देश के सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सारा)

4- सभी राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन (महिला एवं बाल विकास/सामाजिक कल्याण/सामाजिक न्याय/बाल अधिकार विभाग) यथास्थिति

फाइल सं. कारा–एससीआई011/2/2017
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

दिनांक : 19 मई, 2017

कार्यालय ज्ञापन

विषय : दत्तक ग्रहण में जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलैक्टर/उप आयुक्त के उत्तरदायित्व की जिम्मेदारी।

प्रत्येक अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चे को किशोर न्याय (जे.जे) अधिनियम, 2015 की धारा 56(1) के अनुसार दत्तक ग्रहण के जरिए 'परिवार का अधिकार' प्राप्त है।

2. जिले के जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलैक्टर/उप–आयुक्त की जिले में अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने, सुकर बनाने और विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उक्त सभी का प्रावधान किशोर न्याय अधिनियम 2015, किशोर न्याय मॉडल नियम 2016 और दत्तक ग्रहण विनियमन 2017 में है और इनका नीचे विस्तार से उल्लेख किया गया है।

3. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 32 के अनुसार लागू करना आवश्यक है जिसे जिले में नर्सिंग होम्स/मैर्टनिटी (प्रसूति) होम्स अस्पतालों/बस स्टैंड और अन्य प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग/पोस्टर लगाकर जिले की बाल कल्याण समिति को देखभाल की जरूरत वाले बच्चों (अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चों) की 'अनिवार्य रिपोर्टिंग' के प्रावधान को लागू किया जाएगा। ऐसे मामलों की रिपोर्ट न करना किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 33 और 34 के अधीन एक अपराध है और दंडनीय है।

4. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 32 के अनुसार चिकित्सा बंधुओं का संवेदीकरण किए जाने की जरूरत है क्योंकि नर्सिग होम्स, अस्पतालों व मैर्टनिटी होम्स द्वारा सभी परित्यक्त अथवा गुमशुदा बच्चों के बारे में 'अनिवार्य रिपोर्टिंग' आवश्यक है। जन स्वास्थ्य विभाग के लिए यह अनिवार्य बनाना चाहिए सभी स्वास्थ्य देखभाल संस्थाओं में इस के संबंध में बोर्ड लगाना (किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 33 के अनुसार रिपोर्ट न करना एक अपराध है और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 34 में इस अपराध के लिए छह माह की कैद और/या 10,000 रू. के जुर्माने का प्रावधान है)।

5. नर्सिंग होम्स/अस्पतालों/मैटर्निटी होम्स में पालना की व्यवस्था सुनिश्चित करें (साथ ही विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों, पंजीकृत बाल संरक्षण संस्थानों, जिला बाल संरक्षण एकक और चाइल्ड लाइन (1098) के संपर्क नम्बरों का उल्लेख हो) ताकि ऐसे बच्चों की सुरक्षित परित्यक्तता सुनिश्चित की जा सके जिनके जैव माता–पिता सामाजिक और भावनात्मक कारकों से जो उनके नियंत्रण के बाहर हैं, उन्हें छोड़ना चाहते है और उन्हें अभ्यर्पित करने के लिए आगे नही आना चाहते हैं।

6. दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के विनियम 6(8) के अनुसार यदि जिला बाल संरक्षण एकक कार्यशील नहीं है तो बाल कल्याण समिति के समक्ष लाए गए अनाथ/परित्यक्त बच्चों के लिए विज्ञापन जारी करवाएं।

7. यह सुनिश्चित करें कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 28 के अनुसार बाल कल्याण समिति माह में कम से कम बीस दिन बैठके करे, किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 27(8) में यथा अधिदेशित तिमाही आधार पर उनके कार्यों की समीक्षा करें और अनिवार्य रूप से आवश्यक उपचारी उपाय करें।

8. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 27(10) में यथा उपबंधित एक मजबूत 'शिकायत निवारण तंत्र' और मानक संचालन प्रक्रिया लागू करें ताकि के अनुसार बाल कल्याण समिति के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों का समयपूर्वक और गुणात्मक निपटान किया जा सके। इस संबंध में जारी मानक संचालन प्रक्रिया/आदेश की प्रति सभी संबंधितों (बाल कल्याण समिति, पुलिस, एसएए/सीसीआई, डीसीपीयू, सारा और कारा सहित) को पृष्ठांकित किया जाए।

9. अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चों को दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त किए जाने वाले मामले जो बाल कल्याण समिति के समक्ष लंबित है, के संबंध में तिमाही आधार पर रिपोर्ट प्राप्त करें और उसकी पुनरीक्षा करें और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 36(4) से (7) के अनुसार उपचारी उपाय करें।

10. बाल कल्याण समिति के समक्ष लंबित मामलों की पुनरीक्षा के आधार पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को प्रेषित करें और उसकी एक प्रति कारा को भी प्रेषित करें।

11. बाल कल्याण समिति को सचिवालयी सहायता के लिए एक सचिव और अन्य स्टाफ का प्रावधान सुनिश्चित करें ताकि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 27(3) के अनुसार उनकी प्रभावी कार्यदृष्टि को समर्थ बनाया जा सके।

12. जिला बाल संरक्षण एकक की मासिक आधार पर बैठक आयोजित करें और दत्तक ग्रहण विनियमन 2017 के विनियम 34 में यथा परिभाषित भूमिका के अनुसार उसके कामकाज की पुनरीक्षा करें। ऐसी बैठकों के कार्यवृत के साथ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जिला बाल संरक्षण एकक केयरिंग पर अपलोड की जाएगी।

13 सुनिश्चित करें कि सभी सीसीआई किशोर न्याय अधिनियम की धारा 42 के तहत पंजीकृत हों। यह भी सुनिश्चित करें कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 66(2) और दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियम 58 के तहत यथा अधिदेशित अनुपालन हेतु एक माह की समय सीमा में एसएए–सीसीआई से लिंक कर दिए जाएं।

14. दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनिमय 6(5) के अनुसार चाइल्डलाइन द्वारा दत्तक बच्चों के लिए दिए गए डाटा को प्राप्त करना, प्रमाणित करना और केयरिंग्स में उसकी प्रविष्टि करने के साथ ही सीसीआई करने के साथ लिंक करने और उसके बाद सुनिश्चित करें कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 66 के तहत उन्हें दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित किया जा सकता है।

15. यह सुनिश्चित करें कि जिला बाल संरक्षण एकक द्वारा माह में एक बार जिलों के एसएए और सीसीआई की निगरानी एंव निरीक्षण किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 54 के अनुसार किया जाता हो और डीसीपीयू द्वारा निरिक्षण रिपोर्ट केयरिंग्स में अपलोड की जाती हो।

16. यह सुनिश्चित करें कि संस्थान में मौजूद प्रत्येक अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चा वास्तविक समय आधार पर केयरिंग्स में पंजीकृत किया गया हो और संस्थान के मासिक

निरीक्षण के दौरान डीसीपीयू द्वारा उसका सत्यापन किया गया हो (दत्तक ग्रहण विनियमन 2017 के विनियम 34(8) के संदर्भ में)।

17. यह सुनिश्चित करने के लिए कि एसएए द्वारा दत्तक ग्रहण याचिका निर्धारित प्रारूप (दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 की अनुसूची xxxviii से xxxii)और 10 दिनों की निर्धारित समय सीमा में (दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 का विनियम 12(1) के संदर्भ में) दायर की गई हो संरक्षण अधिकारी, गैर–संस्थागत देखभाल और विधि–सह–परीवीक्षा अधिकारी के जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए एक तंत्र स्थापित करना और दो माह की निर्धारित समय सीमा में मामलों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कोर्ट में ट्रैक/अनुवर्तन किया गया हो (किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 61(2)के संदर्भ में)।

18. राज्य सरकारों का किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 65 और किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 के तहत मान्यता देने के लिए साथ–साथ समेकित बाल संरक्षण स्कीम के तहत अनुदान देने के लिए एसएए के आवेदन पर समय से टिप्पणी एंव संस्तुति देना।

19. सभी जिला कलैक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उप आयुक्त से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चों के कानूनी दत्तक गह्रण के संवर्धन एवं विनियमन के लिए संबंधित जिला प्रशासन द्वारा उपर्युक्त कार्रवाई की गई हो।

ह.

(राजेश कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति–

1. सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलैक्टर/उपायुक्त (यथा स्थिति)
2. सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की बाल कल्याण समितियां
3. देश के सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण
4. सभी राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन (महिला एवं बाल विकास/समाजिक कल्याण/सामाजिक न्याय/बाल अधिकार विभाग) (यथास्थिति)

फाइल सं.कारा/आईएनडी/नीति/2017/3 दिनांक 18/07/2017

कार्यालय ज्ञापन

विषय– किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के अनुसार सारा के शासी निकाय का गठन, उसकी भूमिका और तिमाही बैठकें

1. राज्य सरकार द्वारा राज्य में दत्तक ग्रहण और संबंधित मुद्दों का निपटारा करने के लिए राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) की स्थापना करना आवश्यक है। जहां कही भी ऐसे राज्य अभिकरण पहले से मौजूद हैं, उन्हें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत गठित माना जाएगा (अधिनियम की धारा 67 का संदर्भ लें)

2. सारा का एक शासी निकाय होगा जिसकी अध्यक्षता दत्तक ग्रहण से संबंधित राज्य विभाग के मुख्य सचिव या सचिव द्वारा की जाएगी और इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे (दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 का विनियम 33(1)(ग) का संदर्भ लें);–

(क) दत्तक ग्रहण से संबंधित राज्य सरकार के विभाग के निदेशक जो सदस्य सचिव होंगे;

(ख) राज्य सरकार के स्वास्थ्य या अस्पताल विभाग या अस्पताल प्रशासन के निदेशक;

(ग) बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष;

(घ) विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) के प्रतिनिधि;

(ड) बाल कल्याण और संरक्षण से कम से कम दस वर्षों से जुड़ा सिविल सोसाइटी का एक सदस्य;

(च) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का एक सदस्य;

3. सारा से किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 की धारा 67(1) के अनुसार केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के मार्गदर्शी सिद्धांत के अधीन संबंधी मामलों का निपटारा करना अपेक्षित है ।

4. सारा की भूमिका एंव कार्यों को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 62(2) और 65(2) के साथ–साथ दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के विनियम 33(2) में अनुबंधित किया गया है। सारा द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को नीचे उल्लेख किया गया है–

क) प्रत्येक दत्तक ग्रहण मामले की प्रगति की जांच करना और जहां आवश्यक हो उपचारी उपाय हेतु हस्तक्षेप करना (किशोर न्याय अधिनियम, 2015) की धारा 62(2) का संदर्भ लें);

ख) केयरिंग्स में प्रत्येक एसएए की मान्यता स्थिति, विशेषकर उसकी वैधता अवधि को अद्यतन करना;

ग) दत्तक ग्रहण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए तिमाही आधार पर विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों की बैठकें आयोजित करना और बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त को अपलोड करना;

घ) अपने अधिकार क्षेत्र में सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों की आवधिक रूप से उनके कार्यक्रम एंव गतिविधियों का निरिक्षण एवं निगरानी करना;

ड.) उन बाल देखभाल संस्थाओं की पहचान करना जिन्हें विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है और अधिनियम की धारा 66 के प्रावधानों के अनुसार उन्हें विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से संबंध करना ताकि ऐसे संस्थानों में पात्र बच्चों का दत्तक ग्रहण किया जा सके;

च) ऐसे विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों या बालकों की देखरेख संस्थानों की पहचान करना जिन्हें विशेष जरूरतों वाले बच्चों सहित एचआईवी एड्स से प्रभावित या संक्रमित और मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को दीर्घकालिक आधार पर गुणवत्ता पूर्ण देखभाल और उपचार करने की क्षमता है तथा इन अभिकरणों में ऐसे बच्चों का स्थानांतरण सुकर बनाना;

छ) राज्य की बाल कल्याण समितियों द्वारा बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एंव मार्गदर्शन प्रणाली में ऑनलाइन प्रस्तुत डाटा को अधिनियम की धारा 38(5) के उपक्रमों के अनुसार प्रमाणित करना;

ज) विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली में यह सुनिश्चित करना कि इन विनियमों में विहित प्रारूप एंव अवधि के अनुसार सही दत्तक ग्रहण डाटा एंव दस्तावेजों का प्रस्तुती करना और उन्हें प्रमाणित करना;

झ) बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में अधिनियम की धारा 65(2) के तहत अपेक्षित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का विवरण प्रस्तुत या अद्यतन करना;

ञ) जिला बाल संरक्षण एककों, बाल कल्याण समितियों और राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण का संपर्क विवरण नियमित आधार पर बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एंव मार्गदर्शन प्रणाली में अद्यतन करना।

ट) व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त या प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकताओं का एक पैनल बनाना और एक परामर्श केंद्र की स्थापना करना;

ठ) सुनिश्चित करना कि राज्य में सभी दत्तक ग्रहण स्थापन अधिनियम के संबंधित प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और इन विनियमों के अनुसार किए गए जाएं;

ड) अवैध दत्तक ग्रहण के मामलों में शिकायतों पर या अपने आप से उचित कार्रवाई करना।

5. सारा के शासी निकाय से राज्य में प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार दत्तक ग्रहण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने और राज्य में दत्तक ग्रहण प्रक्रिया अथवा प्रणाली में प्रचालन के साथ–साथ लॉजिस्टिक मुद्दों एवं गत्यवरोध का निपटान करने की अपेक्षा की जाती है (दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियम 33(1)(घ) के संदर्भ हेतु)।

6. पूर्ववर्ती को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकारों एवं केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासनों से अनुरोध है कि 31 जुलाई, 2017 तक सारा के शासी निकायों का गठन करें (जहां अभी तक गठन नहीं किया गया है) और अनुपालन रिपोर्ट अग्रेषित करें। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक तिमाही में बैठक आयोजित की जाए जिसमें जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी, पासपोर्ट प्राधिकारी और किसी अन्य प्रासंगिक प्राधिकारी/

विभागीय प्राधिकारी को विशेष अतिथि के रूप से आमंत्रित किया जा सकता है। ऐसी बैठको के कार्यवृत की प्रति प्रत्येक तिमाही कारा को भेजी जाए।

7. राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासनों से यह भी अनुरोध है कि अपने संबंधित सारा को पर्याप्त स्टाफ, अवसंरचना एवं संचार सुविधायें प्रदान करें। उनके दक्षता से कार्या करने का निष्पादन हो सके।

8. यह अनुदेश किशोर न्याय बालकों की देखरेख और सरंक्षण अधिनियम, 2015 की धारा 70(1)(क) के तहत प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाते है।

ह.

दीपक कुमार

सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

प्रति–

(1) सभी राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों के महिला एंव बाल विकास विभाग/सामाजिक कल्याण/सामाजिक न्याय/सामाजिक सुरक्षा (यथास्थिति) के प्रधान सचिव/सचिव

(2) सभी राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के संबंधित आयुक्त/निदेशक (आईसीपीएस एवं दत्तक ग्रहण से संबंधित)

प्रतिलिपि–

निदेशक, (सीडब्ल्यूसी–II), महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 640–ए विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001–सूचनार्थ।

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

फाइल सं. कारा–टीसी011/21/2016–प्रशिक्षण (खंड फाइल–।।) दिनांक 18/08/2017

परिपत्र

विशय– जिला बाल संरक्षण एककों द्वारा जिला स्तर पर भावी दत्तक माता–पिता, बड़े बच्चे और अन्य को दत्तक ग्रहण संबंधित मामलों पर परामर्श सुविधा का प्रावधान

1. दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के विनियम 34(6) के प्रावधानों के अनुसार, सारा या कारा के सहयोग से जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) निम्नलिखित हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण अथवा बाल देखरेख संस्था की सहायता करने के लिए परामर्श केंद्र की स्थापना करेंगे–

(क) भावी दत्तक माता–पिता को परामर्श देना
(ख) बड़े बच्चे को परामर्श देना
(ग) दत्तक ग्रहण के पश्चात अनुवर्तन रिपोर्ट तैयार करना
(घ) अंतरदेशीय नातेदारी दत्तक ग्रहण के मामले में पारिवारिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार करना
(ड) दत्तक बच्चे और दत्तक माता–पिता को दत्तक ग्रहण पश्चात परामर्श देना
(च) दत्तक ग्रहण किए गए में बड़े बच्चों को उनके मूल परिवार की खोज में परामर्श देना

2. इसके अतिरिक्त, कारा की संचालन समिति ने दिनांक 29 जून, 2017 को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया कि इस सांविधिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए राज्य एंव जिला स्तरो पर परामर्श सुविधाओं का विस्तार संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध मौजूदा अवसंरचना के तहत किया जाए।

3. यह भी निर्णय लिया गया है कि जिला बाल संरक्षण एकक और राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण सप्ताह के एक विशेष दिन को जिला स्तर पर स्थित जिला बाल संरक्षण एकक के परामर्शदाता द्वारा दत्तक ग्रहण परामर्श के प्रयोजन हेतु निर्धारित करेंगे। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सुविधा की उपलब्धता का व्यापक पैमाने पर प्रचार किया जाना चाहिए।

4. इस संबंध में विवरण सहित पुष्टिकरण दिनांक 30 सितंबर, 2017 तक इस प्राधिकरण को भेज दिया जाए।

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

ह.
(दीपक कुमार)
सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)
2. सभी जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू)
3. सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए)

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

अर्द्धशासकीय पत्र सं. कारा–टीसी016/2/2017–प्रशिक्षण दिनांक –18 अगस्त, 2017

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है, देश में अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों का दत्तक ग्रहण किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 और इसके तहत सूचित दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

2. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 27 और (किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 के नियम 15 के अनुसार प्रत्येक राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा प्रत्येक जिले में गठित जिला कल्याण समिति को जिसमें एक अध्यक्ष और 4 अन्य सदस्य होते है और इसके तहत बनाए गए नियम/विनियम के तहत सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वाहन करने का अधिदेश प्राप्त है।

3. राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन प्रत्येक जिले में बाल कल्याण समिति को निम्नलिखित प्रपत्र (मुद्रित प्रारूप में) जारी करें –

(क) बाल कल्याण समिति द्वारा रखे जाने वाले मामला सारा किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का प्रपत्र/फॉर्म 15
(ख) बाल कल्याण समिति द्वारा तिमाही रिपोर्ट– किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का फॉर्म 16
(ग) समिति के समक्ष बच्सचे को प्रस्तुत करते समय प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट– किशोर न्याय मॉडल नियम, 20 16 का फॉर्म 17
(घ) संस्थान में बच्चे के स्थानन का आदेश– किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का फॉर्म 18
(ड) देखरेख एंव संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे की सामाजिक जांच रिपोर्ट हेतु आदेश– किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का फॉर्म 21
(च) अभ्यपर्ण विलेख– किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का फॉर्म 24
(छ) बच्चे को दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने वाला प्रमाण पत्र– किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 का फॉर्म 25

4. यह भी अनुरोध किया जाता है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में सभी जिलों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को स्टाम्प जारी जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाल कल्याण समिति देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के सर्वोत्तम हित में अपनी जिम्मेदारियों को समुचित सावधानी एवं निष्ठा से निष्पादित करें।

सादर,

भवदीय,

ह.
(दीपक कुमार)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

संलग्नक– यथोपरि

प्रति–

सारा के सभी निदेशक

प्रतिलिपि–

सीडब्ल्यू–।।, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सूचनार्थ हेतु

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

CARA

फाइल नं. 1–11–2017 / संयुक्त निदेशक / परिपत्र

दिनांक–09 / 10 / 2017

परिपत्र

विषय– एमईआर, मिलान प्रकिया और विच्छिन्नता से संबंधित मामले

सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए) का ध्यान देश में दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को अधिक सरल बनाने के लिए निम्नलिखित तथ्यों की और आकर्षित किया जाता है–

(क) प्रायः ऐसा होता है कि सामान्य श्रेणी के तहत निर्दिष्ट बच्चे को चिकित्सीय समस्याएं होती हैं, जो एमईआर में नहीं दर्शाई जाती है और जब अभिभावक बच्चे की आमरक्षा कस्टडी लेने के लिए आते हैं, तो पूरक जांच में उनका पता चलता है। ऐसे मामलों में, यदि दत्तक ग्रहण अभिकरण (सरकार द्वारासंचालित और एनजीओ द्वारा संचालित एसएए दोनों) की लापरवाही पायी जाती हैं तो अभिकरण द्वारा चिकित्सीय शुल्क एंव माता–पिता के यात्रा किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में प्राधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।

(ख) चूंकि बड़े बच्चों का दत्तक परिवार में समेकन में अधिक समय लगता है, सभी एसएए को दत्तक माता–पिता के साथ बड़े बच्चों का लगाव सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रयाय करने की जरूरत है। इस संबंध में सभी एसएए से तीन वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्वीकार करने से पहले कम से कम दो बार बच्चे की बैठकों की अनुमति देना अपेक्षित है।

(ग) इसके अतिरिक्त, देश में दत्तक ग्रहण में विच्छिन्नता के मामले में, सभी एसएए से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जाता है कि माता–पिता को बच्चे को वापस करने की अनुमति देने से पहले दत्तक माता–पिता और बड़े बच्चे को कम से कम दो बार परामर्श दिए जाए। किसी भी मामले में निर्णय लेने में बच्चे के सर्वोत्तम हित पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

ह.
(जगन्नाथ पति)
संयुक्त निदेशक

प्रति–

1. सभी राज्य दत्तक ग्रहण अभिकरण
2. सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण–कार्यान्वयन और आगे जिला बाल संरक्षण एककों को परिचालन सुनिश्चित करने के लिए ताकि एसएए द्वारा इसके अनुपालन की सख्ती से निगरानी की जा सके।
3. सीडब्ल्यू–।।, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय को–सूचनार्थ प्रेषित।

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

फाइल सं.1–11–2017/संयुक्त निदेशक/परिपत्र

दिनांक – 17/10/2018

संदर्भः दिनांक 09/10/2017 के कार्यालय परिपत्र

परिपत्र

विषय– चिकित्सा जांच रिपोर्ट(एमईआर) में बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में

1. कारा के देश भर में ऐसे कई मामले प्राप्त हुए है जिनमें दत्तक ग्रहण पूर्व बच्चों को पालन पोषण देखरेख में लाए जाने के बाद विच्छेद हो गया है। इसका मुख्य कारण यह पाया गया है कि भावी दत्तक माता–पिता को सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए चिकित्सा जांच रिपोर्ट में बच्चों की सही स्वास्थ्य स्थिति नहीं बतायी गयी। यह लापरवाही की स्थिति दशाई है कि एसएए पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं और राज्य सरकार के अभिकरणों द्वारा सही निगरानी नहीं की जा रही है। निरपवाद रूप से, संस्थान में 'विस्तारित पवास से बच्चा प्रभावित होता है और जैसा कि विभिन्न निर्णयों एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 में भी प्रतिष्ठापित है, यथाशीघ्र परिवार का प्यार एवं देखभाल प्राप्त करने में और विंलब होता है। आगे की विच्छिन्नताएं भावी दत्तक माता–पिता के लिए मानसिक क्षति का कारण बन जाती है और बच्चे ऐसी बीमारी–रोग के लिए जिससे वे पीड़ित हैं, समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित रह जाते है।

2. बच्चे को संस्थागत देखभाल से एक प्यार भरे और ममता वाले पारिवारिक माहौल में निर्बाध, सुखद व तीव्र पारगमन सुनिश्चित करने के लिए उद्देश्य से बच्चों की चिकित्सा जांच रिपोर्ट को बिन किसी विसंगति के विशेष सावधानी से तैयार किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चिकित्सा जांच रिपोर्ट में बच्चे का सही स्वास्थ्य स्थिति दशाई गई है। यह नोट करना प्रांसगिक है कि प्रत्येक बच्चे की चिकित्सा जांच रिपोर्ट को केयरिंग्स पर प्रत्येक छह महीन में या जब भी बच्चे में शारीरिक रूप से काफी बदलाव पाए जाए, अद्यतन करना आवश्यक है (दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियम 6(15) के संदर्भ में)।

3. यदि बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति में चिकित्सा जांच रिपोर्ट में रिकॉर्ड किए गए विवरण की तुलना में अंतर पाया जाए तो एसएए और प्रमाणित करने वाले चिकित्सक के विरूद्ध कडी कार्रवाई जैसा प्रयोज्य की जाएगी। (दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियम 25(2)(ग) एवं (घ) के संदर्भ में)।

4. चिकित्सा जांच रिपोर्ट के अद्यतन प्रारूप की प्रति परिपत्र के साथ परिशिष्ट के रूप में संलग्न है। इसका दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 की अनुसूची पपप के स्थान पर उपयोग किया जाएगा।

5. यह परिपत्र कार्यान्वयन हेतु तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

6. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

ह.

दीपक कुमार

सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए)
2. सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)– अनुपालन एवं जिला बाल संरक्षण एककों को परिचालन सुनिश्चित करने हेतु
3. सीडब्ल्यू–II, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय–सूचनार्थ

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

फाइल नं. कारा.आईसीए012/3/2017

दिनांक 24/11/2017

परिपत्र

विशय– दत्तक बच्चों के पासपोर्ट के लिए आवेदन करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुतीकरण के रूप में अनुपालन प्रमाण_ पत्र

सेवा में,
सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण
प्रिय एसएए,

यह पत्र किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत वैध दत्तक ग्रहण आदेश प्राप्त करने के बाद दत्तक बच्चों का पासपोर्ट जारी करने के संदर्भ में है।

2. यह सुनिश्चित करने के लिए में कि दत्तक बच्चों को पासपोर्ट जारी करने से पहले दत्तक ग्रहण के विवरण को सत्यापित कर लिया गया है, यह निर्णय लिया गया है कि कारा से प्राप्त अनुपालन प्रमाणपत्र (हेग दत्तक ग्रहण कन्वेंशन का अनुच्छेद 23) या कानूनी दत्तक ग्रहण प्रमाणपत्र (गैर हेग–अंतर देशीय दत्तक ग्रहण हेतु) को भी तत्काल प्रभाव से दत्तक बच्चे के पासपोर्ट आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

3. आगे से, सभी अभिकरण पासपोर्ट के लिए आवेदन करने से पहले कारा से अनुपालन प्रमाणपत्र वैध दत्तक ग्रहण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए दत्तक ग्रहण आदेश केयरिंग्स पर अपलोड करें/कारा को अग्रेषित करें।

4. उपर्युक्त बिंदु इस पत्र के जारी होने की तिथि से तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

ह.
दीपक कुमार
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. राज्य सरकार और राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण(सारा)–सूचनार्थ
2. सभी प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण–सूचनार्थ
3. सीडब्ल्यू–II अनुभाग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली–सूचनार्थ

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

CARA

फाइल नं. कारा.आईसीए012 / 3 / 2017

दिनांक 16 / 02 / 2018

परिपत्र

सेवा में,

सभी प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)

यह पत्र भारत से बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए केयरिंग्स पर पंजीकृत भावी दत्तक माता–पिता की मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के संबंध में कारा के दिनांक 27 / 11 / 2017 और 20 / 12 / 2017 के समसंख्यक परिपत्रों के क्रम में है। यह पाया गया है कि भावी दत्तक माता–पिता का मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन समय पर प्राप्त नहीं हो रहा है और इस कारण अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में और दत्तक ग्रहण मामले की आगे की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। बच्चे के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि कारा उन सभी मामलों में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करेगा जहां केवल मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन रिपोर्ट अपेक्षित है और अन्य सभी दस्तावेज पूरे है। इसमें यह शर्त होगी कि दत्तक ग्रहण आवेदन तभी दाखिल किया जाएगा जब मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन रिपोर्ट प्राप्त हो जाएं और उसमें यह संस्तुत किया गया हो कि भावी दत्तक माता बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए उपयुक्त है।

2. कृपया यह नोट करें कि सशर्त अनापत्ति पत्र जारी करने का प्रावधान केवल 31 मार्च, 2018 तक लागू रहेगा।

3. इसके अतिरिक्त, मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि एएफएए को सभी पंजीकृत और विचाराधीन मामलों में 31 मार्च, 2018 से पहले मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, ऐसा न करने पर कारा उनके आवेदनों को रद्द करने पर विचार कर सकता है।

ह.
(सी.सरस्वती)
उप प्रबंधक

प्रति–

1. सभी केंद्रीय प्राधिकरण–सूचनार्थ
2. भारतीय राजनयिक मिशन और जहां प्रयोज्य हो, सरकारी विभाग–सूचनार्थ
3. सीडब्ल्यू अनुभाग–।।, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली–सूचनार्थ

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

फाइल नं. कारा.आईसीए012 / 3 / 2017 दिनांक 20 / 12 / 2017

परिपत्र

विषय– भारत से बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए केयरिंग्स पर पंजीकरण करने के इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता का मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन में भाामिल करने के लिए गृह अध्ययन रिपोर्ट , (एचएसआर) में संशोधनः स्पष्टीकरण के संबंध में

सेवा में,
सभी प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)

इस कार्यालय के दिनांक 27 / 11 / 2017 के समसंख्यक कार्यालय परिपत्र के क्रम में, आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि उन सभी मामलों में मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन आवश्यक होगा जिसमें भावी दत्तक माता–पिता को एक रेफरल प्राप्त होना है। पंजीकृत मामलों में, यदि संवीक्षा अभी तक लंबित है तो एएफएए स्वयं ही गृह अध्ययन रिपोर्ट को अद्यतन कर सकते है। ऐसे मामलों में, जिसमें भावी दत्तक माता–पिता का पंजीकरण अनुमोदित हो गया है, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन रिपोर्ट कारा को अग्रेषित की जाएगी और अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से पहले कारा द्वारा उसकी जांच की जाएगी।

2. गृह अध्ययन रिपोर्ट में लाइसेंस प्राप्त / प्रशिक्षित व्यवसायी द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन पर एक भाग जिसमें अंतिम संस्तुति प्रष्ठांकित हो, शामिल होना चाहिए। विस्तृत रिपोर्ट को गृह अध्ययन रिपोर्ट के साथ अनुबंध के रूप में संलग्न किया जा सकता है। मनौवैज्ञानिक विश्लेषण में मनोवैज्ञानिक द्वारा लिया गया 30–45 मिनट का विस्तृत साक्षात्कार शामिल होगा। साक्षात्कार दत्तक ग्रहण हेतु भावी दत्तक माता–पिता की अभिप्रेरणा, भावी दत्तक माता–पिता का स्वभाव, तनाव सहन करने की क्षमता, निराशा सहन करने की क्षमता, भावनात्मक स्थिरता, निर्णय लेने की क्षमता और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित होना चाहिए।

3. मनोचिकित्सक भावी दत्तक माता–पिता के लिए कोई उप–आयुक्त मनोवैज्ञानिक परीक्षण (यदि आवश्यक हो) शामिल करें। परीक्षण का चयन करते समय भावी दत्तक माता–पिता का लिंग, आयु एंव संस्कृति का ध्यान रखा जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण जैसे व्यक्तित्व मूल्यांकन सूची (पीएआई) और अन्य परीक्षणों यानी एमसीएमआई और एमएमपीआई 2 का (आवश्यकतानुसार) उपयोग किया जा सकता है।

4. ''गैर परिवारिक हितधारकों'' के लिए भी स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। हम सभी परिवार की परिभाषा जानते हैं, जिसमें पति–पत्नी, माता–पिता, बच्चे, भाई बहन के साथ–साथ भावी दत्तक माता–पिता से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति जो साथ में रहता हो, शामिल हैं। गैर–परिवारिक हितधारक शब्द में विस्तृत परिवार के सदस्य, मित्र, पेशेवर पड़ोसी, घर की देखभाल करने वाले और कोई अन्य करीबी परिचित व्यक्ति शामिल होंगे। ऐसे पारस्परिक संबंध भावी दत्तक माता–पिता के मनोवैज्ञानिक मूल्याकंन का भाग हो सकते है।

ह.
दीपक कुमार
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. सभी केंद्रीय प्राधिकरण–सूचनार्थ
2. भारतीय राजनयिक मिशन और जहां प्रयोज्य हो, सरकारी विभाग–सूचनार्थ
3. सीडब्ल्यू अनुभाग–II, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली–सूचनार्थ

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

फाइल नं. कारा.आईसीए012 / 3 / 2017

दिनांक 27 / 11 / 2017

परिपत्र

विशय– भारत से बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए केयरिंग्स पर पंजीकरण हेतु इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता के मनोवैज्ञानिक विवरण में भामिल करने के लिए गृह अध्ययन रिपोर्ट (एचएसआर) प्रपत्र में संशोधन

सेवा में,

सभी प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)

प्रिय एएफएए,

जैसा कि आपको विदित है, भारतीय बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए पंजीकरण हेतु इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता की पात्रता का निर्धारण प्राप्ति देश के एएफएए / केंद्रीय प्राधिकरणों(सीए) / सरकारी विभागों / भारतीय राजनयिक मिशन (आईएफडी) द्वारा सामान्य निवास स्थान पर किए गए गृह अध्ययन रिपोर्ट के जरिए किया जाता है।

2. यह तथ्य है कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक पहलुओं समेत परिवार की गतिशीलता भारत से विशिष्ट श्रेणी के बच्चे के दत्तक ग्रहण के लिए भावी दत्तक माता–पिता की उपयुक्तता निर्धारित करने हेतु गृह अध्ययन रिपोर्ट का बेहद महत्वपूर्ण पहलू है।

3. हम, एक प्रेषक देश के रूप में, उपर्युक्त पहलू को लेकर चिंतित हैं और यह अनुरोध करते हैं कि दत्तक ग्रहण में रखे गए बच्चे का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करने के लिए भावी दत्तक माता–पिता के लिए तैयार की गई सभी गृह अध्ययन रिपोर्ट में भावी दत्तक माता–पिता की बेहतर उपयुक्तता के लिए मनोवैज्ञानिक विवरण संबंधी मूल्याकंन गैर–परिवारिक हितधारकों से संबंधित विवरण और इन पहलुओं से संबंधित कोई अन्य प्रासंगिक फीडबैक को शामिल किया जाना चाहिए।

ह.
दीपक कुमार
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. सभी केंद्रीय प्राधिकरण–सूचनार्थ
2. भारतीय राजनयिक मिशन और जहां प्रयोज्य हो, सरकारी विभाग–सूचनार्थ
3. सीडब्ल्यू अनुभाग–।।, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली–सूचनार्थ

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

फाइल नं. कारा/सीएआर/2017

दिनांक 04/12/2017

परिपत्र

विषय– विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों की मान्यता के नवीकरण के संबंध में

संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 41(5) के अनुसार, ''यदि किसी राज्य सरकार के किसी अधिकारी द्वारा पंजीकरण के आवेदन का निपटान छः माह के भीतर नहीं किया जाता तो इसे उनके उच्चतर नियंत्रण अधिकारी द्वारा उनकी ओर से कर्तव्य की अवहेलना माना जाएगा।

2. एसएए की मान्यता का नवीकरण दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के विनियम 24 (3) के अनुसार किया जाना चाहिए। यदि राज्य सरकार को आवेदन के मूल्यांकन के लिए अधिक समय चाहिए तो आवेदन की तिथि से एक माह के भीतर कम से कम अंतिम पंजीकरण प्रमाणपत्र एसएए को जारी किया जाना चाहिए (किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के विनियम 41(3) और दत्तक ग्रहण विनियम और दत्तक ग्रहण विनियम 24(4) के संदर्भ में)

3. इसके अतिरिक्त एसएए को स्पष्ट किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा मान्यता के लंबित नवीकरण में दत्तक ग्रहण मामलों में कार्यवाही करने की अनुमति दी जाएगी (दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के विनियम 24(5) के संदर्भ में)

ह.
(दीपक कुमार)
सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

प्रति–

1. सभी राज्य सरकारों के संबंधित विभाग के प्रधान सचिव
2. सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) कि निदेशक एवं सदस्य सचिव

प्रतिलिपि–

सीडब्ल्यूसी अनुभाग–।।, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

विदेष मामले मंत्रालय
सीपीवी प्रभाग

सेवा में	:	सभी पासपोर्ट अधिकारी
आरपीटी	:	सचिव (सीपीवी एंव ओआईए); ईएएम के निजी सचिव, राज्य मंत्री के अपर सचिव (वीकेएस)
	:	श्री अजय टिरके, अपर सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली
	:	सभी विदेशी मिशन एवं पद (पोस्ट)
सं.	:	VI/401/1/17/2015.खंड
दिनांक	:	30 नवंबर, 2017

संयुक्त सचिव (पीएसपी)एंव सीपीओ से पासपोर्ट अधिकारी

संयुक्त सचिव एंव सीपीओ से पासपोर्ट अधिकारी कृपया अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण मामलों के लिए पासपोर्ट जारी करने के संबंध में समय–समय पर मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों एंव पासपोर्ट मैनुअल के अध्याय 10 में वर्णित अनुदेशों का संदर्भ ले।

2. जहां तक दत्तक बच्चे को पासपोर्ट जारी करने हेतु अपेक्षित दस्तावेजों का संबंध है, यह ध्यान दें कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को दो स्तरों पर बच्चे का माता–पिता के साथ मिलान किए जाने के बाद कारा एक ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' (एनओसी) देता है। केवल एनओसीके आधार पर ही अदालत दत्तक ग्रहण के मामले को अनुमोदित कर सकती है। एक बार अदालत दत्तक ग्रहण को अनुमोदित कर देती है, तो कारा सभी उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ''पुष्टिकरण प्रमाण पत्र'' जारी करता है। दत्तक बच्चे के माता–पिता कारा के इस ''पुष्टिकरण प्रमाण पत्र '' के प्राप्त होने के बाद ही पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हे। पुष्टिकरण प्रमाण पत्र में दत्तक ग्रहण की पुष्टि की गई होगी और दत्तक बच्चे को पासपोर्ट जारी करने के लिए एनओसी दिया गया होगा।

3. ईएएम ने अनुमोदित किया है कि दत्तक बच्चों को पासपोर्ट तब जारी किया जाना चाहिए जब पासपोर्ट के लिए आवेदन करते समय उपर्युक्त दस्तावेज और कारा द्वारा जारी प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाए तथा पासपोर्ट अधिनियम 1967, उसके तहत निर्मित नियम एवं पासपोर्ट मैनुअल 2016 में निर्धारित अन्य सामान्य जांच को पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकरण द्वारा निष्पादित की जाए।

भवदीय,
(अरूण के चैटर्जी)

Passport Seva
Service Excellence

Patiala House Annexe
Tilak Marg, New Delhi-110001
Tel: 23387013/23384536
Fax: 23071370
Email: jscpo@mea.gov.in

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)

सं–57–1(2017)–कारा/9640 दिनांक 28/12/2017

परिपत्र

विषय– गृह अध्ययन रिपोर्ट निष्पादित करने के लिए भाहर की सीमा से बाहर दौरा करने वाले सामाजिक_ कार्यकर्ताओं को टीए/डीए का भुगतान

दिनांक 23/3/2017 एवं 05/04/2017 के कार्यालय ज्ञापन सं. आईपी03/20/2016/कारा के क्रम में, यह स्पष्ट किया जाता हे कि बाल दत्तक ग्रहण, 2015 शासित दिशानिर्देश की अनुसूची 13 के तहत निर्धारित दत्तक ग्रहण शुल्क में भारत में भावी दत्तक माता–पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट के लिए 6,000/–रूपये (छः हजार स्पये मात्र) तथा दत्तक ग्रहण के बाद अनुवर्ती दौरों एवं परामर्श के लिए प्रति दौरा/रिपोर्ट (यात्रा खर्च सहित) 2,000/– (दो हजार रूपये) शामिल है। वसूल किए जा रहे शुल्क में यात्रा खर्च शामिल होगा और सामाजिक कार्यकताओं को गृह अध्ययन रिपोर्ट/दत्तक ग्रहण के बाद अनुवर्ती रिपोर्ट के लिए दिए गए शुल्क में से सरकारी नियमानुसार टीए/डीए दिया जा सकता है।

2. इसके अतिरिक्त, सामाजिक कार्यकर्ता भावी दत्तक माता–पिता से कोई अन्य शुल्क नहीं लेंगे और शुल्क नकद में दिया/लिया नहीं जाएगा।

3. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

ह.
(एस.के.गुप्ता)
लेखा अधिकारी

प्रति–
सभी सारा

सभी एसएए

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

No. 1/7/2011- VS(CRS)/72

भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

गृह मंत्रालय/

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय

OFFICE OF THE REGISTRAR GENERAL, INDIA

जीवनांक प्रभाग, नागरिक पंजीयन योजना, 2-ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली – 110011

V.S. Division, Civil Registration System, 2-A, Mansingh Road, New Delhi – 110011

ईमेल : drg-crs.rgi@nic.in manojissg.rgi@nic.in

दिनांक : 05.03.2018

सेवा में,

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा)
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
पश्चिम ब्लॉक / खंड–8 विंग–4, प्रथम तल,
आर.के.पुरम
नई दिल्ली – 110066

विशय : दत्तक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में होने वाली समस्याओं के संबंध में।

महोदय,

कृप्या दिनांक 15.02.2018 के अपने कार्यालय पत्र सं. 59–8 / 2017 कारा (टीयन) का संदर्भ ले जिसमें जन्म प्रमाण जारी करने वाले प्राधिकरण को एक परिपत्र जारी करने का अनुरोध किया गय है, दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए स्पष्ट किया गया है।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय ने दिनांक 31.01.2018 के परिपत्र सं. 1 / 7 / 2011 वीएस(सीआरएस) द्वारा पहले ही संस्थानों / दत्तक ग्रहण अभिकरणों के जरिए दत्तक बच्चों के जन्म रिकॉर्ड में प्रतिष्टि करने / बदलने पर एक स्पष्टीकरण जारी किया जा चुका है। आपके तत्काल संदर्भ हेतु दिनांक 31.01.2018 के उपर्युक्त परिपत्र की प्रति संलग्न की गई है। कार्यालय की वेबसाइट htt.//crsorgi.gov.in/circulars.html पर भी उक्त परिपत्र को देखा जा सकता है।

भवदीय

(मनोज कुमार)
उप महापंजीयक

संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार

JD
DD (CS)
AD (VS)

प्रत्येक जन्म एवम् मृत्यु का पंजीकरण सुनिश्चित करें/
"Ensure Registration of Every Birth and Death"

Speed Post

No. 1/7/2011- VS -CRS
भारत सरकार/
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय/
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय
OFFICE OF THE REGISTRAR GENERAL, INDIA
जीवनांक प्रभाग, नागरिक पंजीयन योजना, 2-ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली – 110011
V.S. Division, Civil Registration System, 2-A, Mansingh Road, New Delhi – 110011

इमेल : drg-crs.rgi@nic.in manojissg.rgi@nic.in

दिनांक : 31.01.2018

परिपत्र

सेवा में,

जन्म एवं मृत्यु के सभी मुख्य पंजीयक

विशय : संस्थानों–दत्तक ग्रहण अभिकरणों के जरिए दत्तक बच्चों के जन्म रिकॉर्ड में प्रविष्टि करने / बदलने पर स्पष्टीकरण।

महोदय,

कृपया दिनांक 12 मार्च, 2012 और 25 अगस्त, 2014 के सम संख्यक के इस कार्यालय पत्र का संदर्भ ले जिसके द्वारा दत्तक बच्चों के जन्म रिकॉर्ड में प्रविष्टि करने/बदलने पर पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे। यह अनुदेश केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के 2011 के दिशार्निदेश को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए थे जिसके अधीन दत्तक बच्चों का जन्म पंजीकरण और जन्म प्रमाणत्र पत्र जारी करने के लिए दत्तक ग्रहण विलेख और दत्तक ग्रहण आदेश (दोनों) का प्रस्तुतीकरण अनिवार्य किया गया था।

2. आपको अवगत होगा कि उपर्युक्त अनेदेशों के माध्यम से दत्तक ग्रहण आदेश और दत्तक ग्रहण विलेख दोनों के माध्यम ग्रहण अभिकरणों (संस्थान) या गैर–संस्थागत दत्तक ग्रहण से लिए गए दत्तक बच्चों का जन्म पंजीकरण हेतु अनिवार्य किया गया था। बाद में वर्ष 2015 के दौरान, 15 मई 2015 को इस कार्यालय द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया था जिसके जरिए गैर–संस्थागत दत्तक ग्रहण के मामले में कोर्ट के दत्तक ग्रहण आदेश के प्रस्तुतीकरण की प्रणाली को '' हिंदू दत्तक तथा भरण – पोषण अधिनियम 1956'' के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए बंद कर दिया गया है और ऐसे पंजीरकण के लिए पंजीकृत दत्तक ग्रहण विलेख को अनिवार्य कर दिया गया है।

3. अब संस्थानों अर्थात् दत्तक ग्रहण अभिकरणों के माध्यम से किए गए दत्तक ग्रहण के संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपने दिशानिर्देश को परिशोधित किया है और दिनांक 04.01.2017 की राजपत्र अधिसूचना में उक्त को दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें संस्थागत दत्तक ग्रहण के लिए दत्तक ग्रहहण विलेख के प्रस्तुतीकरण के खंड/नियम को हटा दिया है और नई अधिसूचना की धारा 36 में यह उल्लिखित है कि दत्तक ग्रहण अभिरकणों के जरिए दत्तक बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए कोर्ट के दत्तक ग्रहण आदेश का प्रस्तुतीकरण पर्याप्त है।

4. सामान्य जनता द्वारा संस्थानों (दत्तक ग्रहण अभिकरणों) के जरिए दत्तक ग्रहण के मामले में दत्तक ग्रहण विलेख प्रस्तुत करने में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए मामले की पुनरीक्षा की गई और तदनुसार यह निर्णय लिया गया कि दत्तक बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए दत्तक विलेख प्रस्तुत करने के लिए जनता से आग्रह न करें और कोर्ट के दत्तक ग्रहण आदेश के आधार पर जन्म के वर्णन पंजीकृत करें या आवश्यक सुधार/परिवर्तन करें तथा दत्तक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी करें।

5. उपर्युक्त तथ्यों को देखते हुए, आपसे अनुरोध है कि राज्य के संबंधित पंजीकरण प्राधिकारियों को उपर्युक्त विषयवस्तु निदेर्शित करें और प्राथमिकता से दत्तक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र दत्तक माता–पिता का नाम माता–पिता के रूप में लिखकर जारी करें। इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में इस कार्यालय को अवगत कराया जा सकता है।

भवदीय
ह.
(मनोज कुमार)
उप महापंजीयक

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

फाइल सं. कारा/सीआईआर/2017 दिनांक 13/02/2018

परिपत्र

सिबलिंग के दत्तक ग्रहण एंव यदि इसमें उनका सर्वोत्तम हित हो तो उनका अलगाव

सेवा में,

सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के प्रावधानों के आधार पर वर्तमान में भाई–बहन को दत्तक ग्रहण के लिए एक साथ रखा जाता है।

2. भावी दत्तक माता–पिता के लिए एक प्रावधान है कि वे दत्तक ग्रहण के लिए सिबलिंग को चुन सकते है। हालांकि यह पाया गया है कि वे केवल दो बच्चों को `ने के लिए ही तैयार होते है और वह भी तब ही संभव है जब वह वरीयता के आयु–वर्ग में हो। यह पाया गया है कि सिबलिंग का दत्तक ग्रहण के लिए रखना मुश्किल हो जाता है क्योकि विशेषकर जब वे तीन या उससे ज्यादा बच्चों की जिम्मेदार लेने के लिए तैयार नहीं होते है। तीन या उससे ज्यादा संख्या के सिबलिंग को 'तत्काल प्लेसमेंट' श्रेणी में रखा गया है।

3. पूर्व के कुछ मामलों में, जहां सिबलिंग मे से एक दत्तक ग्रहण मे जाने के लिए तैयार होना था जबकि दूसरा तैयार नहीं होता था, कारा की रिलेक्सेशन समिति से अनुमोदन मिलने के बाद बच्चे के सर्वोत्तम हित में उन्हें दत्तक ग्रहण में रखा जाता है। हालांकि, यह भावी दत्तक माता–पिता और एसएए का अनुरोध प्राप्त होने के बाद किया गया था। उपर्युक्त स्थिति बहुत से मामले में संभव नहीं होती और भाई–बहन को बाल देखभाल संस्थानों/दत्तक ग्रहण अभिकरणों में ही रहना होता है।

4. बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए दत्तक ग्रहण में रखे गए भाई–बहनों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, कारा की संचालन समिति ने यह निर्णय लिया है कि भाई–बहन को अलग करने का निर्णय मामला दर मामला आधार पर लिया जाए, किशोर न्याय (बाल देखभाल व सरंक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 3 में निर्धारित सामान्य सिद्धांतों के अनुसार बच्चों के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

West Block-VIII, Wing-II, 2nd Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066 (India)
Ph: +91-011-26180194, 26180196, Tollfree: 1800-11-1311, Telefax: +91-011-26180198
E-mail: carahdesk.wcd@nic.in, Website : www.cara.nic.in

5. बड़े बच्चे की सहमति के साथ ही अभिकरण/बाल कल्याण समिति की राय भी अलगाव पर विचार करने वाले प्राधिकरण को भेजी जा सकती है।

6. भाई–बहन को अलग करने में महत्वपूर्ण कुछ कारण (पूर्ण रूप से नहीं है) इस प्रकार है–

क) यदि भाई–बहन की उम्र में बहुत ज्यादा अंतर हो।

ख) यदि भाई–बहन में से एक विशेष जरूरतों वाला बच्चा हो।

ग) यदि भाई–बहन में से एक दत्तक ग्रहण में जाने को तैयार न हो।

ह.

(दीपक कुमार)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा

प्रति–

1. सभी राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)–बाल कल्याण अभिकरण और जिला बाल संरक्षण एकक हेतु अनुपालन एवं संचालन सुनिश्चित करने हेतु।
2. सीडब्ल्यू–।।, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय–सूचनार्थ हेतु।

Central Adoption Resource Authority
केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
(A Statutory Body of Ministry of Women & Child Development, Government of India)
(भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सांविधिक निकाय)
CARA

सं.1–11–2017–18 / जेडी / परिपत्र दिनांक 07 / 03 / 2018

परिपत्र

विषय– चिकित्सा जांच रिपोर्ट में बच्चों के विकासात्मक विलंब की पहचान एंव रिपोर्टिंग

1. कारा को एसएए द्वारा तैयार की गई चिकित्सा जांच रिपोर्ट पर भावी दत्तक माता–पिता से अनेकों शिकायतें प्राप्त हुई है। रिपोर्ट में बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति एंव उनके विकासात्मक विवरण का पूर्ण ब्योरा प्रदर्शित नहीं किया गया है जो बच्चे का श्रेणीकरण निर्धारित करने के लिए अनिवार्य है।

2. भावी दत्तक माता–पिता सूचित किए गए निर्णय लेने की स्थिति में है, यदि चिकित्सा जांच रिपोर्ट के प्रारूप के अनुसार बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति सही से रिकॉर्ड की गई हो।

3. एसएए यह सुनिश्चित करेगा कि दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 की अनुसूची iv के अनुसार सभी चिकित्सा जांच करने के बाद दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 की अनुसमची iii के अनुसार चिकित्सा जांच रिपोर्ट तैयार की गई हो।

4. इसके अतिरिक्त, इस परिपत्र के साथ विकासात्मक चार्ट अनुबंध के रूप में संलग्न है। चिकित्सा जांच रिपोर्ट का भाग घ भरने के दौरान उक्त का (विकासात्मक चार्ट) संदर्भ लिया जा सकता है। विकास परिवार के बच्चों के लिए है और संस्थान के बच्चों के मामले में अनुमानित विलंब पर अवश्यक ध्यान दिया जाना चाहिए।

